# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक





बोकारो इस्पात संयंत्र के बीजीएच के नर्सिंग स्टाफ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी गई नथिंग इज इम्पॉसिबल नृत्य की शानदार प्रस्तुति


• बोकारो, बुधवार 11 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 291 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# झारखंड बना देश का सबसे बड़ा रेशम उत्पादक, लाखों परिवारों की बढ़ी आजीविका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के जंगलों में अर्जुन, आसन और साल के पेड़ों के बीच पनपने वाला तसर रेशम आज राज्य की पहचान बन चुका है। प्राकृतिक वातावरण में तैयार होने वाला यह रेशम न केवल अपनी खास बनावट और मजबूती के लिए जाना जाता है बल्कि लाखों ग्रामीण और जनजातीय परिवारों की आजीविका का आधार भी बन गया है। देश में तसर रेशम उत्पादन में झारखंड पहले स्थान पर है और कुल उत्पादन का बड़ा हिस्सा यहीं से आता है। तसर रेशम दरअसल एन्थेरिया मायलिटा नामक कीट के कोकून से तैयार होता है। यह कीट जंगलों में पाए जाने वाले अर्जुन, आसन और साल के पेड़ों की पत्तियों पर पाला जाता है। प्राकृतिक वातावरण में होने वाली यह प्रक्रिया तसर को अन्य रेशम से अलग पहचान देती है। यही वजह है कि इसे टिकाऊ, प्राकृतिक और विशिष्ट बनावट वाला रेशम माना जाता है। तसर रेशम की यात्रा जंगलों से शुरू होकर करघों तक पहुंचती है। सबसे पहले किसानों द्वारा पेड़ों पर तसर के कीड़ों का पालन किया जाता है। लगभग एक महीने तक ये कीड़े पत्तियां खाकर बढ़ते हैं और फिर अपने चारों ओर कोकून बना लेते हैं। इस कोकून को सावधानी से एकत्र किया जाता है और धूप या भाप की मदद से सुखाया जाता है ताकि अंदर मौजूद कीट नष्ट हो जाए और रेशम के धागे की गुणवत्ता बनी रहे। इसके बाद कोकून को गर्म पानी में पकाकर रीलिंग प्रक्रिया के माध्यम से महीन धागा निकाला जाता है। यही धागा आगे चलकर कताई और बुनाई के जरिए साड़ियों, दुपट्टों, सूट और अन्य परिधानों में बदल जाता है। भागलपुरी सिल्क और तसर साड़ियों की पहचान इसी प्रक्रिया से जुड़ी हुई है। झारखंड में तसर रेशम उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में 1121.77 मीट्रिक टन तसर रेशम का उत्पादन हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 1356 मीट्रिक टन तक पहुंच गया। राज्य में लगभग डेढ़ लाख किसान प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रेशम उत्पादन से जुड़े हुए हैं। एक किसान परिवार को एक फसल से औसतन 40 से 50 हजार रुपये तक की आय हो जाती है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। रेशम मुख्य रूप से चार प्रकार का होता है तसर, एरी, मुलबरी और मुगा। इनमें तसर रेशम का



उत्पादन झारखंड में सबसे अधिक होता है। यही कारण है कि देश में तसर उत्पादन के मामले में झारखंड अग्रणी राज्य बन चुका है। राज्य सरकार भी रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित रेशम निदेशालय की देखरेख में 40 से अधिक परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को रेशम नर्सरी, सिल्कवर्म पालन, युवा किसान प्रशिक्षण और व्यावसायिक उत्पादन के लिए सहायता दी जा रही है। हस्तशिल्प निदेशक आकांक्षा रंजन के अनुसार किसानों को उपकरण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। आधुनिक तकनीक से उत्पादन बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। हर साल लगभग 60 प्रशिक्षुओं को एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे आधुनिक पद्धति अपनाकर उत्पादन को बढ़ा सकें। इसके अलावा किसानों और स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने की भी पहल की जा रही है। वर्ष 2023-24 में 33 समूहों को बाजार से लिंकेज उपलब्ध कराया गया जबकि कई समूहों को लूम और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कोकून चढ़ाई, रंगाई और डिजाइन से जुड़ी ट्रेनिंग भी दी जा रही है। रेशम उत्पादन का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं है। राज्य में करीब 50 हजार बुनकर परिवार तसर आधारित वस्त्र निर्माण से जुड़े हुए हैं। पहले जहां अधिकांश रेशमी कपड़े बाहर से आते थे, वहीं अब स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन बढ़ने लगा है। इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं और कारीगरों को स्थायी काम मिल रहा है। झारखंड सरकार की संस्था झारक्राफ्ट तसर और हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। देशभर में झारक्राफ्ट के 14 एंपोरियम संचालित हैं, जहां राज्य के रेशम उत्पादों की बिक्री होती है। इसके माध्यम से कारीगरों और किसानों को बेहतर बाजार और उचित कीमत मिल रही है। झारखंड रेशम विकास संस्थान की शोध पदाधिकारी मोहसिना खातून बताती हैं कि देश में तसर उत्पादन में झारखंड अग्रणी है और यहां के जंगलों का प्राकृतिक वातावरण इसकी गुणवत्ता को खास बनाता है। कोकून तैयार होने के बाद उन्हें कॉमन फैसिलिटी सेंटर में भेजा जाता है, जहां से धागा तैयार कर बुनकरों तक पहुंचाया जाता है। उनके अनुसार इस पूरी प्रक्रिया से बड़ी संख्या में महिलाएं भी स्वावलंबी बन रही हैं। बुनकर इन धागों से साड़ी, सलवार-सूट और अन्य परिधान तैयार करते हैं, जिनकी मांग देश के कई राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी है। बेहतर गुणवत्ता और प्राकृतिक बनावट के कारण झारखंड का तसर रेशम फैशन उद्योग में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस तरह जंगलों में शुरू होने वाली तसर रेशम की यह यात्रा आज झारखंड की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण रोजगार और राज्य की पहचान को नई ऊंचाई दे रही है।

## अल्पसंख्यक विद्यालयों को सरकारी स्कूल का दर्जा प्राप्त नहीं : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दसवें दिन मंगलवार को निरसा से भाकपा माले के विधायक अरूप चटर्जी ने प्रश्नकाल के दौरान अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं से जुड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सिर्फ पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराई जाती हैं लेकिन दूसरे सरकारी स्कूली बच्चों की तरह पोशाक, साइकिल और कॉपी मुहैया नहीं कराई जाती है। साथ ही मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी नहीं दिया जाता है। इसकी वजह से विद्यार्थियों पर शैक्षणिक समानता और भेदभाव का प्रभाव पड़ रहा है। जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भारत सरकार की ओर से संचालित समग्र शिक्षा योजना के तहत अल्पसंख्यक विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक में नामांकित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराई जाती हैं। शेष सुविधाएं मुहैया कराने का प्रावधान नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक विद्यालयों को सरकारी स्कूल का दर्ज़ा प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल के शिक्षकों को सरकार सैलरी मुहैया कराती है। इसपर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि छात्रों के साथ भेदभाव का उनपर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस बारे में सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार ने सहमति जताई कि शिक्षण व्यवस्था में भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए लेकिन नीतिगत मामला होने की वजह से सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस उचित मांग को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यक स्कूल के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों की तर्ज पर तमाम सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास जरूर किए जाएंगे।

# झारखंड विधानसभा में जोरदार हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में उस वक्त जोरदार हंगामा हो गया, जब कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्षी भाजपा विधायकों ने आसन के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के बीच आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को मार्शल आउट करना पड़ा जिससे सदन का माहौल और गरमा गया। दरअसल नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार नहीं बल्कि बाबुओं की सरकार चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और प्रशासनिक अधिकारी निष्क्रिय बने हुए हैं। मरांडी ने प्रश्नकाल स्थगित कर कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सदन में विस्तृत बहस कराने की मांग की। सरकार की ओर से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल नहीं चलने देने की बात कर रहे हैं जबकि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा नहीं उठाया था। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि विपक्ष गंभीर चर्चा नहीं चाहता बल्कि सिर्फ अखबारों की सुर्खियां बटोरना




चाहता है। मंत्री ने यह भी कहा कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या प्रशासनिक लापरवाही के ठोस मामले हैं तो विपक्ष उन्हें सामने लाए, सरकार कार्रवाई के लिए तैयार है। बहस के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई जब आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो तमतमाते हुए आसन के समक्ष पहुंच गए और रिपोर्टिंग टेबल को थपथपाने लगे। इसके बाद सदन में शोरगुल बढ़ गया और मार्शलों को हस्तक्षेप करना पड़ा। हंगामे के बीच तिवारी महतो को सदन से मार्शल आउट कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद विपक्षी विधायकों ने जोरदार विरोध जताया और सत्ता पक्ष पर विधायकों को उकसाने का आरोप लगाया। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इस पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों से ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिपोर्टिंग टेबल को पीटना असंसदीय आचरण है और यह सदन की गरिमा के खिलाफ है। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष से भी अपने विधायक के आचरण पर ध्यान देने को कहा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने तिवारी महतो के व्यवहार की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने दावा किया कि सत्ता पक्ष के विधायकों ने तिवारी महतो को उकसाया, जिसके कारण स्थिति बिगड़ी। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार विपक्षी विधायकों से अपनी सीट पर बैठने का आग्रह किया गया लेकिन तिवारी महतो का व्यवहार उचित नहीं था और भाजपा विधायकों द्वारा उसका समर्थन करना भी गलत है। इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर पलटवार करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों के उकसावे के कारण ही ऐसी स्थिति बनी। बहस के दौरान मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विधानसभा सुचारु रूप से चल रही है और इसके लिए स्पीकर धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि रजरप्पा मामले में सरकार ने डीजीपी के निर्देश पर कार्रवाई भी की है। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि मेज पटकने से दर्द कम नहीं होता और राजनीति में आचरण का महत्व होता है। उन्होंने आजसू विधायक से अपने व्यवहार पर खेद प्रकट करने की नसीहत भी दी। किस मुद्दे पर काफी देर तक चली बहस के बाद संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्पीकर से आग्रह किया कि आजसू विधायक निर्मल महतो को सदन में आने की छूट दी जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### दूध कारोबारी का शव तालाब में मिला

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर थाना क्षेत्र के काशीनगर रेडमा निवासी 58 वर्षीय दूध कारोबारी मोहन यादव का शव मंगलवार को जोगियाही तालाब से बरामद किया गया। 8 मार्च की शाम से लापता मोहन यादव के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

### युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र के मुरलीनगर इलाके में 19 वर्षीय अमित कुमार खेत्रोपाल ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना मंगलवार को सामने आई। परिजनों के अनुसार अमित पिछले लगभग पांच वर्षों से मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसका इलाज रांची में चल रहा था और नियमित रूप से दवाएं दी जा रही थीं। घटना के समय अमित घर में अकेला था। उसने गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या की।

### अनियंत्रित ट्रेलर खाई में गिरा

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चौपारण थाना क्षेत्र की दनुआ घाटी में मंगलवार को एक सड़क हादसे में ट्रेलर के चालक और उपचालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रेलर को भोजपुर निवासी बृजनंदन यादव के पुत्र पंकज कुमार चला रहे थे। दुर्घटना में उपचालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### गुमला में जंगली हाथी का कहर

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतरा टोली में बीती रात जंगली हाथी के हमले से चार माह की एक बच्ची की मौत हो गई। इस हमले में बच्ची की मां घायल हो गई, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## रांची सिविल कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। अज्ञात शख्स के द्वारा ई-मेल कर धमकी दी गई है। धमकी देने वाले शख्स ने पूरे कोर्ट परिसर को साइनाइड बम से उड़ाने की धमकी दी है। ई-मेल में 14 साइनाइड बमों के प्रयोग की बात कही गई है। इसके बाद एक बार फिर से बम निरोधक दस्ता एक्टिव हो गया है। पिछले एक महीने से राजधानी रांची में किसी अज्ञात शख्स के द्वारा लगातार बम धमाके करने की धमकी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है। कभी सिविल कोर्ट, कभी डीसी कार्यालय तो कभी पासपोर्ट ऑफिस। इन महत्वपूर्ण स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी देने वाला शख्स कौन है यह पुलिस के लिए भी एक अबूझ पहेली बनी हुई है। इसी बीच मंगलवार को एक बार फिर से ई-मेल भेजकर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने का तीसरा मामला है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय बम निरोधक दस्ते के साथ सिविल कोर्ट पहुंचे और कोर्ट परिसर की जांच की। डीएसपी ने बताया कि एक बार फिर से ई-मेल के जरिए बम धमाका करने की धमकी दी गई है। इसके बाद मामले की जांच की जा रही है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इस बार ई-मेल के जरिए 14 साइनाइड बमों के प्रयोग कर बिल्डिंग को उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में यह भी लिखा गया है कि जब इंसाफ मिलता ही नहीं, इसलिए कोर्ट को उड़ा देंगे। राजधानी रांची में इन दोनों एक अज्ञात ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की वजह से दहशत का माहौल है। अब तक तीन बार रांची सिविल कोर्ट को बम धमाके में उड़ने की धमकी दी गई है जबकि एक-एक बार रांची डीसी ऑफिस और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। रांची के कोतवाली और सुखदेवनगर थाने में इस संबंध में फिर भी अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है लेकिन पुलिस अभी तक ई-मेल भेज कर धमकी देने वाले शख्स की पहचान नहीं कर पाई है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा के समीप बीती रात एनएच-80 पर सड़क दुर्घटना हुई जिससे मौके पर ही बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। मृतक शोभनपुर भट्ठा और तालबन्ना मोहल्ला के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर भट्टा निवासी देवानंद यादव के 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार यादव और तालबन्ना मोहल्ला निवासी राजकुमार यादव का 23 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार यादव मोटरसाइकिल से महादेवगंज शादी समारोह में जा रहा था। जानकारी के अनुसार शोभापुर डेरा के समीप सामने से आ रहे बड़े वाहन के हेडलाइट की रोशनी से बाइक सवार अचंभित हो गए थे जिसके कारण मोटरसाइकिल एनएच-80 के किनारे पीपल के पेड़ से जा टकराया। इसके कारण दोनों युवक की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल और नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों युवकों को सदर अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम करने के बाद दोनों युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक बादल के आक्रोशित परिजनों और लोगों ने एनएच-80 को जाम कर दिया है। हालांकि मामले की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी अनिश कुमार पांडेय ने जाम स्थल पर लोगों को समझा बुझा कर शांत करवा दिया। इसके बाद एनएच-80 पर वाहनों का परिचालन प्रारंभ हो सका। वहीं दोनों युवकों के परिजनों का रो रो कर बुरा है।

## घरेलू गैस की किल्लत से रांची में परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में इन दिनों कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में आई कमी से छोटे कारोबारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ता भी परेशान नजर आ रहे हैं। मंगलवार को शहर के कई गैस एजेंसियों के बाहर पुराने दिनों जैसा दृश्य देखने को मिला, जहां लोग सिलेंडर लेकर अपनी बारी का इंतजार करते खड़े दिखे। होटल, ढाबा और छोटे रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की नियमित सप्लाई नहीं मिलने से उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। दरअसल तेल कंपनियों की ओर से फिलहाल कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित कर दी गई है। हालांकि इस संबंध में कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया गया है लेकिन गैस एजेंसियों को मौखिक रूप से सप्लाई नियंत्रित रखने को कहा गया है। कंपनियों का कहना है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि घरों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडरों की उपलब्धता बनी रहे। गैस एजेंसियों के अनुसार वर्तमान स्थिति का एक बड़ा कारण पैनिक बुकिंग भी है। मिडिल ईस्ट में तनाव की खबरों के बाद लोगों ने एहतियात के तौर पर पहले से ज्यादा सिलेंडर बुक करना शुरू कर दिया है। पहले जहां एक एजेंसी में रोजाना करीब 350 से 400 घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 2300 से 2500 तक पहुंच गई है। अचानक बढ़ी मांग के कारण वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है और एजेंसियों के लिए नियमित सप्लाई बनाए रखना चुनौती बन गई है। कमर्शियल गैस की कमी का असर सबसे ज्यादा छोटे होटल और ढाबा संचालकों पर पड़ रहा है।

# 4474 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 4,474 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने जिन दो परियोजनाओं को शामिल किया गया है उनमें सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन एवं संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन शामिल है। श्री वैष्णव ने बताया कि बढ़ी हुई रेल लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से परिचालन को



सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने में सहायता मिलेगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत बनाई गई हैं, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध आवागमन के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों के 5 जिलों को शामिल करने वाली 2 परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 192 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 5,652 गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिनकी आबादी लगभग 147 लाख है। प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों, जैसे बोलपुर-शांतिनिकेतन, नंदिकेश्वरी मंदिर (शक्तिपीठ), तारापीठ (शक्तिपीठ), पटाचित्र ग्राम, धडिका वन, भीमबंध वन्यजीव अभ्यारण्य, रामेश्वर कुंड आदि के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा। रेल मंत्री के अनुसार स्वीकृत परियोजनाएं कोयला, पत्थर, डोलोमाइट, सीमेंट, स्लैग, जिप्सम, लोहा और इस्पात, खाद्यान्न, पीओएल, कंटेनर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 31 मिलियन टन माल ढुलाई की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त होगी। रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष परिवहन माध्यम होने के नाते, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने में सहायता करेगा, तेल आयात (6 करोड़ लीटर) को कम करेगा और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (28 करोड़ किलोग्राम) को कम करेगा, जो एक करोड़ पौधारोपण के बराबर है।






C M Y K

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह व जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर मंगलवार को नगर भवन, गिरिडीह में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत भव्य सम्मान समारोह-सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं और किशोरियों की भूमिका को सम्मानित करना तथा बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर जिले के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सक्रिय योगदान के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज शिक्षा, प्रशासन, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, राजनीति और रक्षा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं इस अवसर पर शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा, स्वावलंबन, उद्यमिता, कला-संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं और किशोरियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने संघर्ष और मेहनत से समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व योजना का उद्देश्य केवल बेटियों को जन्म देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने अभिभावकों से बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की कार्यक्रम के दौरान एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों और विशेषज्ञों ने उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने का आह्वान किया इसी दौरान नीति आयोग के तहत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत नगर भवन में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। शिविर में लोगों की रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच पर ध्यान दिया गया कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक गोदभराई कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को फल, पोषण सामग्री एवं उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान माताओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ मां ही स्वस्थ शिशु को जन्म देती है और यही एक स्वस्थ समाज की आधारशिला है कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# 15 मार्च को रांची में होगा क्षत्रिय गौरव एकता महासम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ हजारीबाग से 200 गाड़ियों के साथ शामिल होंगे लोग

**हजारीबाग ब्यूरो।** क्षत्रिय गौरव एकता मंच के संयोजक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 15 मार्च को रांची के हरमू मैदान में आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता महासम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जिन लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है, वे सभी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि इस महासम्मेलन में हजारीबाग से करीब डेढ़ सौ से दो सौ तक छोटी और बड़ी गाड़ियां रांची जाएंगी। समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की गई है। श्री सिंह ने बताया कि सभी लोग सुबह 9 बजे तक मटवारी स्थित गांधी मैदान में एकत्रित होंगे। इसके बाद गांधी मैदान से सभी सदस्य एक बैनर के नीचे एकजुट होकर रांची के हरमू मैदान में आयोजित महासम्मेलन के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पूर्व चानो और तेतरिया गांव में क्षत्रिय गौरव एकता मंच की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इसके लिए समाज के लोग गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

बैठक में मंच के संरक्षक भगवान सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल देव, मुन्ना सिंह, टुनटुन सिंह, प्रो. प्रदीप सिंह, विनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनुज सिंह, प्रो. प्रवीण सिंह, वीरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, बबलू सिंह सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केरेडारी में आईपीएल की तर्ज पर केपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आगाज, 24 टीमें ले रहीं हिस्सा

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** प्रखंड के कृषि फार्म मैदान में मंगलवार को आईपीएल की तर्ज पर केपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनडीए घटक दलों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन सुदेश कुमार महतो ने किया। उद्घाटन के अवसर पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि केरेडारी क्षेत्र में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। टूनार्मेंट के उद्घाटन के साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश और उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर तिवारी महतो, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सदस्य भोला महतो, संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, कंचन यादव, लीलाधन साव, गंगाधर महतो, गौतम वर्मा, प्रेमचंद महतो, मनोहर साव, बिनोद सिंह, राधा देवी, महेश साव, प्रमोद कुशवाहा, देवनारायण राणा, बिनोद महतो, सुनील गंझू, कैलाश महतो, मोहन महतो, प्रकाश महतो सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता और खेल प्रेमी मौजूद थे। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रतियोगिता से युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।



### भंडारीडीह में मां मथुरासिनी शोभा यात्रा 2026 का आयोजन, श्रद्धा और सेवा का दिखा संगम

**गिरिडीह (नबिटासं)।** भंडारीडीह स्थित माँ मथुरासिनी मंदिर प्रांगण से मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे शहर में भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु ह्लमाँ मथुरासिनी की जयह्व के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे यह शोभा यात्रा गिरिडीह मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, आलोक गुप्ता एवं प्रभात गुप्ता के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुई कुशल नेतृत्व में हुआ आयोजन यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता और सचिव अजय गुप्ता ने विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की थीं। महिला टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी मंडल महिला अध्यक्ष सुमन भदानी को सौंपी गई, जबकि युवाओं को संगठित करने की जिम्मेदारी मंडल युवा अध्यक्ष ने निभाई शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभा यात्रा भंडारीडीह मंदिर प्रांगण से शुरू हुई यह शोभा यात्रा टावर चौक, शिव मोहल्ला, गद्दी मोहल्ला और मकतपुर होते हुए पुन माहुरी छात्रावास सह माँ मथुरासिनी मंदिर पहुंची, जहां विधिवत रूप से यात्रा का समापन किया गया श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। मार्ग में वार्ड पार्षद हब्लू गुप्ता और फैंसी ज्वेलर्स की ओर से अल्पाहार (नाश्ता) की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिली।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे और पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बना रहा।



### पीएमएयू-जी कर्मियों ने दी राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पीएमएयू-जी के अंतर्गत राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यरत कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण राज्य आवास कर्मी संघ, झारखंड ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2015-16 से अनुबंध के आधार पर कार्यरत ये कर्मी ग्रामीण आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी समस्याओं और मांगों की अनदेखी की जा रही है। कई बार विभागीय स्तर पर ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की गई, परंतु अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है संघ का कहना है कि वर्तमान महंगाई दर और बढ़ते कार्यभार के बावजूद कर्मियों का मानदेय बेहद कम है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है संघ की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं प्रखंड स्तर पर लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 36,000 रुपये किया जाए। प्रखंड समन्वयक का मानदेय 18,000 रुपये से बढ़ाकर 45,000 रुपये किया जाए। जिला स्तर पर लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 41,000 रुपये किया जाए। जिला प्रशिक्षण समन्वयक एवं जिला समन्वयक के मानदेय में 70 प्रतिशत वृद्धि की जाए राज्य स्तर के विशेषज्ञ पदाधिकारियों के मानदेय में भी 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए जिला एवं प्रखंड स्तर के कर्मियों के मानदेय को ग्रेड-पे में परिवर्तित किया जाए।क्षेत्रीय कार्यों के लिए मासिक मानदेय का 5 प्रतिशत क्षेत्र भ्रमण भत्ता दिया जाए।विभागीय कार्रवाई से पूर्व अपील का अवसर देने के लिए अपील समिति का गठन किया जाए कर्मियों के अनुभव को देखते हुए कार्यकाल की सीमा 60 वर्ष तक बढ़ाई जाए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा संघ ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 17 मार्च से 20 मार्च 2026 तक राज्यव्यापी सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। इसके बावजूद भी मांगें पूरी नहीं होने पर 7 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी संघ ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जैसी महत्वपूर्ण योजना के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए कर्मियों की न्यायसंगत मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि योजना प्रभावित न हो और ग्रामीण गरीबों को समय पर आवास उपलब्ध कराया जा सके।



# तालाब में धक्का देकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 6 मार्च डुमरी थाना क्षेत्र के भरखर टोला घुटियागढ़ा में तालाब से मिले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच के दौरान यह सामने आया कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या का मामला था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है पुलिस के अनुसार 6 मार्च 2026 को घुटियागढ़ा स्थित एक तालाब से शिनचर टुडू नामक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था।

घटना के बाद पुलिस ने मानवीय सूत्रों और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मामले की गहन जांच शुरू की जांच में पता चला कि मृतक को संजय महतो पिता जीतन महतो निवासी ग्राम मंडमो, टोला खेसर, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग ने शराब पिलाने के बहाने घर से बुलाया था। दोनों के बीच पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा था बताया जाता है कि शराब पीने के दौरान आरोपी ने शिनचर टुडू को नहाने के बहाने घुटियागढ़ा के गहरे तालाब के पास ले जाकर धक्का दे दिया, जिससे वह पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया पुलिस ने तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी संजय महतो, पिता -जीतन महतो, निवासी ग्राम मंडमो, टोला बेलियाटांड़ थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग।



# फर्जी कागजात पर सरिया ले जा रहे दो ट्रक जब्त, दो चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी थाना पुलिस ने अवैध रूप से सरिया की ढुलाई के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रकों को जब्त किया है तथा दोनों ट्रकों के चालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो टोल प्लाजा के पास जांच अभियान चलाया।

इस दौरान ट्रक संख्या यूपी -52बी टी -2330 और ट्रक संख्या सीजी -07ए यू -0417 को रोककर जांच की गई जांच के दौरान पाया गया कि दोनों ट्रकों में टीएमटी बार (सरिया) लदा हुआ था। ट्रक चालकों द्वारा प्रस्तुत कागजातों की जब जीएसटी विभाग से जांच कराई गई तो पता चला कि संबंधित जीएसटीआईएन का पंजीकरण 15 दिसंबर 2025 से निलंबित है। इससे स्पष्ट हुआ कि फर्जी कागजात के आधार पर टैक्स चोरी कर सरिया का परिवहन किया जा रहा था इसके बाद पुलिस ने विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया तथा चालकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है जब्त सामग्री ट्रक संख्या यूपी -52बीटी-2330 तथा उस पर लदा टीएमटी बार सरिया ट्रक संख्या सीजी -07एयू -0417 तथा उस पर लदा टीएमटी बार सरिया सरिया परिवहन से संबंधित फर्जी दस्तावेज गिरफ्तार आरोपी ओम प्रकाश लगभग 35 वर्ष ग्राम पुरवा चौराहा, थाना कोतवाली, जिला देवरिया उत्तर प्रदेश रंजीत कुमार यादव लगभग 36 वर्ष ग्राम सोनारडंगाल, थाना चिरकुंडा, जिला धनबाद पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

## मनरेगा कर्मचारियों ने दो दिवसीय धरना देने की दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** मनरेगा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कर्मचारी दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा योजना में कार्यरत कर्मचारियों को लंबे समय से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का मानदेय, सेवा सुरक्षा, कार्य की स्थिरता और अन्य सुविधाओं से जुड़ी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है पदाधिकारियों ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है।

# अंतर जिला स्थानांतरण के चार माह बाद भी पोस्टिंग का इंतजार, हजारीबाग पहुंचे 57 शिक्षक असमंजस में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** राज्य के विभिन्न जिलों से अंतर जिला स्थानांतरण के तहत हजारीबाग पहुंचे शिक्षक चार माह बीत जाने के बाद भी अब तक पदस्थापना का इंतजार कर रहे हैं। लंबे समय से पोस्टिंग नहीं मिलने के कारण इन शिक्षकों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश संख्या-18/विविध 03/2003/2017 दिनांक 17 नवंबर 2025 के आलोक में विशेष परिस्थितियों में कुल 57 शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण कर हजारीबाग जिले में पदस्थापित किया जाना था। स्थानांतरित शिक्षकों में कई ऐसे शिक्षक शामिल हैं जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं या दिव्यांग हैं। इसके अलावा कई शिक्षक ऐसे भी हैं जिनके पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं और अलग-अलग जिलों में कार्यरत हैं। स्थानांतरण आदेश जारी होने के चार माह बीत जाने के बावजूद अब तक इन शिक्षकों को जिले के किसी भी विद्यालय में पदस्थापना नहीं दी गई है।

इससे शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द पदस्थापना देने की मांग की है, ताकि वे अपनी सेवाएं सुचारू रूप से दे सकें।

**क्या कहते हैं डीएसई, हजारीबाग :** जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि अंतर जिला स्थानांतरण के तहत आए शिक्षकों की पदस्थापना की प्रक्रिया जारी है। नगर निकाय चुनाव के कारण प्रक्रिया में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में रिक्त पदों का आकलन किया जा रहा है और एक सप्ताह के भीतर सभी शिक्षकों को उनके योग्य स्थान पर पदस्थापित कर दिया जाएगा।

**क्या कहते हैं डीसी, हजारीबाग:** उपायुक्त ने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है। शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है और प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिक्षकों को जल्द से जल्द पदस्थापना मिल सके।

# वाहन चेकिंग में दो चोर गिरफ्तार, 9 बाइकें बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** 9 मार्च जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान गिरिडीह पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पचम्बा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके निशानदेही पर चोरी की कुल 9 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि वाहन चोरी में संलिप्त कुछ अपराधी गिरिडीह जिले में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पचम्बा थाना क्षेत्र में विशेष एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान 9 मार्च की सुबह करीब 6:20 बजे बनखंजो पुल के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे।




पुलिस ने तुरंत पीछा कर दोनों को पकड़ लिया पकड़े गए युवकों से बाइक के कागजात मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कड़ी पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे इस मामले में पचम्बा थाना कांड संख्या 24/26 के तहत बीएनएस की धारा 303(2), 317 (2), 317 (4) और 317 (5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर कुल 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी पुलिस ने इस मामले में शक्ति चौधरी पिता स्व. बिनोद चौधरी और दीपक चौधरी पिता श्याम सुंदर चौधरी दोनों निवासी खुट्टाबाध, थाना बेंगाबाद, जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया है।

## थाना की जर्जर स्थिति पर सरकार का गोलमटोल जवाब चिंताजनक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुआ ।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मंजू कुमारी ने विधानसभा में जमुआ थाना भवन की जर्जर स्थिति को लेकर उठाए गए सवाल पर सरकार द्वारा दिए गए जवाब को गोलमटोल और दिग्भ्रमित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि आज भी जमुआ थाना खपड़ैल एवं जर्जर भवन में संचालित हो रहा है, जो पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विधायक मंजू कुमारी ने कहा कि जिस थाना से पूरे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था संभाली जाती है, वहीं थाना भवन खुद ही खतरे के साये में है।

# डीजे विवाद में युवक की हत्या का खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ गिरिडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 आरोपी गिरफ्तार एक किशोर भी निरुद्ध

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के हुट्टी बाजार स्थित रविदास मोहल्ला में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या मामले का गिरिडीह पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर को भी निरुद्ध किया गया है पुलिस के अनुसार 5 मार्च 2026 को डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इसी दौरान अजय दास नामक युवक को चाकू मार दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।




घटना के बाद इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना में कांड संख्या 51/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (सीट) का गठन किया गया। सीट टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मानव सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जांच के दौरान मुख्य आरोपी रोहित दास की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे भी जांच जारी है और अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है गिरफ्तार आरोपी रोहित दास रवि दास रोनी दास एक विधि-विरुद्ध किशोर सहित अन्य आरोपी सभी आरोपी हुट्टी बाजार हरिजन मोहल्ला नगर थाना क्षेत्र, गिरिडीह के निवासी बताए जा रहे हैं सीट टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नगर श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी मुफस्सिल नगर थाना एवं मुफस्सिल थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए।



जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उन्हें तुरंत निपटाया जाए, जबकि जिन मामलों में जांच की आवश्यकता है, उनमें शीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई की जाए इस मौके पर उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी सरकारी योजना से संबंधित कोई समस्या या शिकायत हो, तो वे बिना संकोच प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।जनता दरबार में कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता और तेजी आती है।

# भविष्य की नीति निर्माण के लिए जनगणना है बुनियाद : उपायुक्त





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मंगलवार को डीपीआरसी भवन सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर जिला/चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कहा कि जनगणना किसी भी देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह भविष्य की योजनाओं और नीति निर्माण के लिए ठोस आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ दशक के बाद यह जनगणना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मियों को इसे पूरी गंभीरता के साथ संपन्न करना होगा।

उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों (बीडीओ/सीओ व अन्य) और तकनीकी सहायकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुनें और समझें। यदि किसी प्रकार की जिज्ञासा या प्रश्न हो तो प्रशिक्षकों से उसका समाधान अवश्य प्राप्त करें, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। प्रशिक्षण में जनगणना से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों के सही उपयोग, डेटा संकलन की प्रक्रिया तथा फील्ड में कार्य करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से भी समझाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के सभी संबंधित जिला/ चार्ज अधिकारी एवं तकनीकी सहायक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत ये सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपादित करेंगे। जानकारी हो कि, इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी। टैब/मोबाइल आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संकलन होगा। ताकि सूचनाओं का संग्रहण तेजी - सटीकता व समयबद्धता के साथ किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, सहायक निदेशक जनगणना मुरारी मोहन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# महापौर व वार्ड पार्षद 18 मार्च को करेंगे शपथ ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 में धनबाद नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद आगामी 18 मार्च 2026 को शपथ ग्रहण करेंगे।

इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों के साथ 18 मार्च 2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में समाहरणालय के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष तथा चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद के लिए समाहरणालय के तृतीय तल पर स्थित कमरा नंबर 314 में बैठक आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात उन्हें शपथ दिलाई जाएगी।

धनबाद नगर निगम के उप महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष के लिए 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे से 1:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं दोपहर 1:00 बजे से 1:30 तक विधि मान्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। दोपहर 1:30 बजे से 1:45 बजे तक नाम वापस लेने का समय निर्धारित है। तत्पश्चात 1:45 बजे से 2:15 बजे तक मत पत्र की तैयारी की जाएगी। वहीं दोपहर 2:15 बजे से 3:00 बजे तक धनबाद नगर निगम के उप महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष के लिए मतदान किया जाएगा।

दोपहर 3:00 बजे से 3:15 बजे तक मतगणना की जाएगी। वहीं 3:15 बजे से 3:30 बजे तक निर्वाचन परिणाम की घोषणा एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र 42 में तामिला के लिए समय निर्धारित है। तत्पश्चात दोपहर 3:30 बजे से 4:00 बजे तक धनबाद नगर निगम के उप महापौर एवं चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराई जाएगी।

## वरिष्ठ महिलाओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेसीआई बोकारो जज्बा एवं समर्थ एल्डर केयर के संयुक्त तत्वावधान में स्पर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ महिलाओं के योगदान, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें समर्थ एल्डर केयर की रश्मि जैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जेसीआई बोकारो जज्बा के सहयोग से आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ महिलाओं को सम्मान देना और उनके अनुभवों से समाज को प्रेरित करना है।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन उपस्थित रहीं।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और वरिष्ठ महिलाओं का अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक साबित होता है। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके योगदान को सराहा गया।

## दिल्ली आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर जनसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** माकपा के द्वारा 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को मसौढ़ी रेलवे स्टेशन के पूरब एक जनसभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में होने वाली जन आक्रोश रैली का उद्देश्य केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। रैली की प्रमुख मांगों में चार श्रम संहिताओं की जगह पुराने श्रम कानून लागू करने, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने, बीज विधेयक एवं बिजली विधेयक 2025 वापस लेने ,युजीसी कानून लागू करने एवं मनरेगा को पुनः लागू करने की मांग शामिल है।इस जनसभा में मुख्य रूप से कॉमरेड ए.आर. सिंधु (केंद्रीय कमेटी सदस्य, सीपीएम), विनोद कुमार (राज्य सचिव मंडल सदस्य, सीपीएम एवं महासचिव किसान सभा ), रामपरी यादव (सीपीएम राज्य सचिव मंडल के सदस्य ), मनोज कुमार चंद्रवंशी (राज्य सचिव मंडल सदस्य, सीपीएम) ,जिला सचिव शिव कुमार विद्यार्थी,सुधा सुमन( आशा संगठन के राज्य महासचिव ),क्रांति कुमारी (राज्याध्यक्ष)उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कामरेड सुरेन्द्र कुमार,कामरेड सोनेलाल प्रसाद,उमेशचन्द्र राय,कामरेड सत्येंद्र प्रसाद,कामरेड शंकर साह,कामरेड सुरेश वर्मा,कामरेड विद्यानंद, कामरेड अवधेश कुमार,मीरा कुमारी सिन्हा,यशोदा कुमारी,रामदयाल प्रसाद ,बासोदेवी,,रामसेवक प्रसाद,भरत यादव, रामाशीष यादव,प्रसाद,चन्द्रिका शर्मा,पसहित सैकड़ों आशा कर्मी,किसान ,मजदूर छात्र ,नौजवान भाग लिए।कार्यक्रम के अध्यक्ष मसौढी लोकल कमिटी के सचिव सी पी मंडल ने कहा कि आज देश के मजदूरों के अधिकारों पर हमला हो रहा है।

## मेडिकल दुकान में लूटपाट, और गांजा मामले में फरार अपराधी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** मसौढी पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेवां गांव से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे हैं एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार युवक का नाम दीपक कुमार पिता राम विजय प्रसाद,साकिन रेवां है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि फुलवारी थाना कांड संख्या 1376/22 के तहत दिनांक 09/11/22 को रात करीब नौ बजे एक मेडिकल दुकान में अपने पांच सहयोगी के साथ पिस्टल के बल पर 25 हजार नगद समेत कई बैंकों का ब्लैंक चेक लूटपाट के मामले में यह वांछित रहा है। इसके अलावा मसौढ़ी थाना कांड संख्या 809/22 के तहत दिनांक 28.11.22 को गंगाचक मलिकाना स्थित एक किराए के मकान से 1 किलो 170 ग्राम गांजा के साथ के मामले में यह फरार था, हालांकि उस वक्त विकास कुमार की गिरफ्तारी की गई थी और यह फरार चल रहा था। इन दोनों मामलों में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त दीपक कुमार को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है।

## तिरुपति संस्था ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तिरुपति संस्था द्वारा सेक्टर 2ए में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बक्सर से भाजपा विधायक आनंद मिश्रा शामिल हुए।

अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी पहचान बनाने वाली समाज की महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि के हाथों सम्मान प्राप्त कर महिलाएं उत्साहित नजर आईं।

मुख्यातिथि आनंद मिश्रा ने मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी शक्ति और प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहीं है। बल्कि कई क्षेत्रों में वे नेतृत्वकर्ता की भूमिका में भी हैं। पिता, भाई और पति होने के नाते हमे उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं एक दूसरे का सहरा बन आगे बढ़ रहीं हैं। एक दूसरी की मदद कर रहीं हैं यह सराहनीय है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी महिलाओं को उनकी जगह देने का प्रयास कर रहें हैं जो एक अच्छी बात हैं। हम देवियों की पूजा करते हैं तो हमारे घर समाज की महिलाओं को सम्मान देना भी हमारा कर्तव्य बनता हैं। महिलाएं हमारी शक्ति हैं।

तिरुपति संस्था की सचिव संगीता तिवारी ने कहा कि समाज में अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं को संस्था सम्मानित करती है ताकि अन्य महिलाओं को उनसे प्रेरणा मिले।

# ईरान के खिलाफ जारी युद्ध पर अबिलंब रोक लगाने की मांग को लेकर शांति मार्च

### डोनाल्ड ट्रंप, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतान्याहु, पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** अमेरिका इजरायल अपराधीक साम्राज्यवादी गठजोड़ के खिलाफ ईरान के खिलाफ जारी युद्ध पर रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को युद्ध विरोधी शांति मार्च भाकपा माले के राजव्यापी आहवान पर भाकपा माले मसौढी प्रखंड कमिटी की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह पार्क स्थित माले कार्यालय से निकलकर थाना रोड, मेन रोड होते हुए स्टेशन रोड होते हुए मसौढी डाकघर के पास जाकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल के प्रधानमंत्री नेतान्याहु भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया ,मार्च कि अगुआई भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार व भाकपा माले के मसौढी प्रखंड सचिव राकेश ने की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ दुनिया के जन गण की एकता के जरिए ही शांति स्थापित की जा सकती है। पूरे दुनिया पर अमेरिकी दादागिरी के कारण युद्ध जारी है महंगाई जनता पर मोदी सरकार चुप क्यों युद्ध के कारण रसोई गैस की कीमतों में घरेलू रसोई गैस में ?60 और व्यावसायिक रसोई गैस में 115 रुपए की कीमते बढ़ाना और युद्ध अगर जारी रहा तो डीजल पेट्रोल सहित सभी बस्तुओ कि कीमत बढेगी अरब देशों में बड़े पैमाने पर भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं जिन्हें सकुशल वापस लाने और उन्हें मुआवजा देने स्थाई रोजगार की गारंटी करने के मामले में मोदी सरकार नकारा साबित हुआ है।इस मार्च में संजय पासवान, कपिल पासवान, धर्मशिला देवी, कृष्ण रविदास, रमेश चौधरी, युगेश्बर बिन्द, दिलीप चौधरी बिटेश्वर यादव, जवाहर साव, कुंती देवी टुनटुन बिश्बकर्मी सहित अन्य लोग शामिल थे!

## पिस्तौल के बल ऑटो लूटा, ड्राइवर को पिस्तौल के बट से किया जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढी पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर धनरूआ थान क्षेत्र के नीमा पुल के पास जहानाबाद से हवाई अड्डा जाने के दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर एक सीएनजी ऑटो लूट लिया है, हालांकि विरोध करने पर उसे मारपीट कर जख्मी कर दिया है। जख्मी ऑटो ड्राइवर का नाम मनीष कुमार पिता अशोक रविदास शेखपुरा का निवासी है। अविलंब डायल 112 पर कॉल किया जहां केवड़ा ओपी पुलिस ने जख्मी हालत में उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की मोरहर पुल एवं नीमा के बीच में यह घटना घटी है। ऑटो ड्राइवर जहानाबाद से हवाई अड्डा जा रहा था, उसी के दौरान बाइक पर सवार 3 अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर ऑटो लूट लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# पीडीजे - डीसी - एसपी ने व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

### सीसीटीवी कैमरों से होगी व्यवहार न्यायालय व मुख्य सड़क की निगरानी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) अनिल कुमार मिश्रा, उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से व्यवहार न्यायालय बोकारो की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में विधि-व्यवस्था बनाएं रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में न्यायालय मुख्य प्रवेश द्वार तथा आसपास के मुख्य मार्गों पर तत्काल सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि व्यवहार न्यायालय परिसर तथा मुख्य सड़क की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। सभी कैमरों की फीड जिला समेकित नियंत्रण कक्ष (सीसीआर) में उपलब्ध रहेगी, जहां से पूरी व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा समेकित नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी कैमरों की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस जवानों को आवश्यक निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सतर्क एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं, वादियों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# तेज गति से आ रही हाईवा ने दो दुकानों को किया क्षतिग्रस्त, एक बाइक सवार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंचि मोड़ के पास रफ्तार का कहर सोमवार की सुबह देखने को मिला जहां पर एक हाईवा धनरूआ की ओर से तेज गति से आते हुए मोड़ के पास अचानक उसकी स्टेरिंग फेल गई और दो दुकान को तोडते हुए पूरी तरह से दुकान को ध्वस्त कर दिया। दरअसल बिरंचि मोड़ के पास पान की दो दुकाने थी, जिसे तोड़ते हुए पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है, इस दौरान पान दुकान के पास खड़े एक युवक का भी मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और कई लोग चोटिल भी हुए हैं। वहीं क्षतिग्रस्त पान की दुकान के मालिक गणेश कुमार की तकरीबन 3 लाख का नुकसान हुआ है जबकि सत्येंद्र कुमार की भी काफी नुकसान हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। लोगों ने बताया कि स्टेरिंग फेल हो जाने की वजह से हाईवा दुकान में घुस गई है और दुकान को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है। पान दुकान की सभी सामान पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं।

## न्यायालय की बढ़ाई गयी सुरक्षा

**पटना।** बेगूसराय के व्यवहार न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

धमकी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने न्यायालय परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

पुलिस टीम कोर्ट के हर कोने और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच कर रही है ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके।

सुरक्षा के मद्देनजर न्यायालय परिसर और आसपास के इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

पुलिस अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने न्यायालय को विस्फोट से उड़ाने की धमकी दी है।हालांकि धमकी किस माध्यम से दी गई, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सूत्रों के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब बेगूसराय न्यायालय को इस तरह की धमकी मिली हो।

इससे पहले भी कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, जिसके कारण प्रशासन पहले से सतर्क रहता है।

धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान करने के लिए पुलिस तकनीकी जांच कर रही है।

# हर्ष फायरिंग में दो लगी गोली, मची अफरा तफरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** लहसुना थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में बीते रात गांव में आई बारात के द्वारा जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान दो लोगों की गोली लगने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बताया जाता है,की बिते सोमवार की रात्री में उपेद्र शर्मा पे० ग्राम हरवंशपुर की पुत्री कुमारी पूजा का शादी समारोह था, जिसमें औरंगाबाद से गांव में बारात आई हुई थी। इस दौरान वरमाला के वक्त हर्ष फायरिंग की गई जिसमें दो लोगों की गोली लगी है।

इस घटना के बाद इस पूरे मामले में लहसुना थाना में पदस्थापित चौकीदार संजय पासवान के बयान पर लड़का पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दर्ज प्राथमिकी में लिखा गया है कि लड़का पक्ष के अरबिन्द सिंह उर्फ अरूण सिंह पे०-सियाराम सिंह. राघवेन्द्र धारी भारद्वाज उर्फ बबलु सिंह पिता नरेन्द्र प्रसाद सिंह, और राजेश सिंह पिता स्वछ पारसनाथ सिंह सभी ग्राम थाना-बन्देया, जिला औरंगाबाद, द्वारा वरमाला के समय स्टेज पर फायरिंग करने लगा, फायरिंग के क्रम में दो व्यक्तियों को गोली लगी है।

जिसमे एक व्यक्ति लड़का पक्ष राहुल कुमार का भगिना है और एक लड़की यानी दुलहन का भतीजा सत्यम कुमार( 7 वर्ष) पिता विकास कुमारी है जिसके दहिना हाथ कलाई में गोली लगा है, दोनो पक्षों के द्वारा अपने अपने घायल व्यक्तियों को इलाईज हेतु अस्पताल भेजा गया है।हलांकि दोनो पक्षों के जख्मी अभि तक उपचार में है, थाना में लिखित आवेदन अभी तक नही दिया गया है।बहरहाल इस घटना के गांव मे चर्चा का बिषय बना हुआ है वहीं पुलिस जांच कर रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–नीलामी**

धनबाद, दिनांक 09.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं :–

**क्र.सं. : i : (1), ई–नीलामी सूची : ii :** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं. : iii :** पार्किंग–76–26, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv :** 23.03.2026, 15:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v :** नीचीतपुर स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

**क्र.सं. : i : (2), ई–नीलामी सूची : ii :** प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन, **ई–नीलामी सूची सं. : iii :** पीबीसीएम–10–26, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv :** 23.03.2026, 15:30 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v :** धनबाद, कोडरमा, डाल्टनगंज, बरकाकाना, गोमोह, गढ़वा रोड और चन्द्रपुरा (07) रेलवे स्टेशनों पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना, संचालन और रखरखाव पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**स.वा.प्र., पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1908/डीएचएन/वा./इएएन/25–26/40

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** 222-एस/1/डब्ल्यू- II, **दिनांक** 06.03.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. :** टीएन-193-25-26; **कार्य का नामः** (i) डेपुटी सीएसटीई/वर्क्स/एसडीएएच के कार्यालय का नवीनीकरण तथा (ii) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/सियालदह के अधीन सीनि. डीएसटीई, डीएसटीई, एएसटीई/एसडीएएच के कक्ष तथा सीनि. डीएसटीई के कार्यालय क्षेत्र के साथ दूसरी मंजिल पर सीढ़ी तथा सेंट्रल बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर संकेत एवं दूरसंचार के ड्राइंग सेक्शन के नवीनीकरण के शेष बचा हुआ कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 54,53,359.21; **ईएमडीः** रु. 1,09,100; **कार्य समापन अवधिः** 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 02.04.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-432/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# टेम्पो पलटने से 10 जख्मी

- पांच की हालत गंभीर
- सभी पीएमसीएच रेफर
- सभी जा रहे थे गंगा स्नान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में हाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर एक टेंपो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में करीब 10 लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया।

बताया गया कि सभी लोग वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के रहने वाले हैं और एक शादी समारोह से पहले गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए।

सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों में से पांच लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल गिरिजा देवी की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

घायलों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल में स्ट्रेचर नहीं मिलने के कारण घायलों को दीवार के पास बैठने वाली बेंच पर ही लिटा दिया गया। साथ ही करीब डेढ़ घंटे तक डॉक्टर के मौजूद नहीं रहने से घायलों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घायलों के परिजनों के अनुसार, बिरजू पासवान के बड़े बेटे की 13 मार्च को शादी होनी है। इसी समारोह में शामिल होने के लिए रिश्तेदार आए थे और घर की महिलाएं गंगा स्नान के लिए जा रही थीं। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। ऑटो में करीब 8 से 10 लोग सवार थे और सभी दुर्घटना का शिकार हो गए।

घायलों की पहचान गिरिजा देवी, सोना देवी, चिंता देवी, सुलेखा देवी, चिनिया देवी, मुनचुन देवी और सत्यम कुमार के रूप में हुई है। ये सभी सराय थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

# सीजेएम कोर्ट से गायब कागज कबाड़ी दुकान से बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** सीजीएम कोर्ट से गायब हुए महत्वपूर्ण दस्तावेज कबाड़ी की दुकान से बरामद होने के बाद पुलिस ने बहादुरपुर मोहल्ला से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस कस्टडी में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी युवक नशीली दवाओं का आदी है। चर्चा है कि दस्तावेज बेचने से मिले पैसों से उसने शहर की एक दवा दुकान से नशीली सूई खरीदी और खुद अपने हाथ की नस में इंजेक्शन लगा लिया। सोमवार सुबह हाजत में नशीली सूई नहीं मिलने पर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक रविवार को सूरज कुमार ठेला लेकर कोर्ट परिसर में दाखिल हुआ था। इसके बाद वह कोर्ट के अंदर प्रवेश कर गया और वहां से महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी कर ली। दस्तावेज चोरी करने के बाद वह उन्हें कबाड़ी दुकान पर ले गया और बेच दिया, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया।

दस्तावेज चोरी की शिकायत मिलने के बाद नगर थाना पुलिस सक्रिय हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने देर रात संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान बहादुरपुर मोहल्ला स्थित एक कबाड़ी दुकान से चोरी हुए दस्तावेज बरामद कर लिए गए। इसी मोहल्ले से पुलिस ने आरोपी सूरज कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में सीजीएम कोर्ट से जीआर लिपिक अश्वनी कुमार, एसीजीएम-1 कोर्ट से लिपिक पंकज कुमार और उत्पाद प्रथम कोर्ट से लिपिक माधव कुमार राय ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल उसकी तबीयत खराब होने के कारण उसका इलाज कराया जा रहा है।

# व्यवहार न्यायालय, गयाजी में उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार से झारखंड राज्य के विभाजन के पूर्व जिस प्रकार रांची में पटना उच्च न्यायालय का बेंच स्थापित था उसी के तर्ज.पर अब बिहार से झारखंड राज्य के विभाजन के उपरांत मध्य- दक्षिण बिहार के गयाजी व्यवहार न्यायालय में पटना उच्च न्यायालय का बेंच स्थापित करने की 25 वर्षों की पुरानी मांग को अविलंब पूरा कराने की मांग कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सरकार से किया है।

मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, शिव कुमार चौरसिया, अनिल बेलदार, सुजीत गुप्ता आदि ने कहा कि मध्य-दक्षिण बिहार के लोग बिहार से झारखंड के विभाजन के उपरांत लगातार केंद्र तथा राज्य सरकार के साथ-साथ उच्च न्यायालय पटना एवं उच्चतम न्यायालय दिल्ली के मुख्य न्यायाधीशों से करते आ रहे हैं।

हाल में मुख्य न्यायाधीश के गयाजी दौरा एवं व्यवहार न्यायालय आगमन पर गयाजी में उच्च न्यायालय के बेंच स्थापित करने की बातें भी हुई थी। नेताओं ने कहा कि गया जी व्यवहार न्यायालय में पटना




उच्च न्यायालय के बेंच स्थापित होने से गया जी सहित मध्य- दक्षिण बिहार के दर्जन भर जिला के लोगों को काफी सहूलियत होगी।

नेताओं ने कहा कि गयाजी व्यवहार न्यायालय के नए भवन का निर्माण अधिवक्ताओं के बैठने की मुकलम व्यवस्था सहित आमजनों के लिए सभी प्रकार की सुविधा मुहैया कराना भी नितांत आवश्यक है।

# नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में देखिए

## रवि किशन ने मनोज तिवारी के बारे में क्या कहा?






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हंसी-मजाक का सिलसिला जारी है। जब रवि किशन कपिल के शो पर आते हैं और भोजपुरी सिनेमा के शुरूआती दिनों की यादें साझा करते हैं, तो माहौल और मजेदार हो जाता है। जब कपिल मनोज तिवारी, निरहुआ और पवन सिंह वाले पिछले एपिसोड का ज़िक्र करते हैं, तो रवि किशन हंसते हुए और थोड़ी मजाकिया अंदाज में कहते हैं: इन्हें चलना मैंने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना मैंने सिखाया ये सभी मेरे जूनियर्स हैं। इस बात पर सभी लोग हंस पड़ते हैं और शो का माहौल रवि किशन की पुरानी यादों और उनके ड्रामैटिक अंदाज से भरे मजेदार किस्सों का बन जाता है।

सबको पुरानी यादों में ले जाते हुए, रवि किशन ने कड़ाके की सर्दी में कन्यादान फिल्म की शूटिंग का एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया, कन्यादान की शूटिंग बनारस घाट पर कर रहे थे, ठंड का समय था पहली बार तुमने इतना बड़ा कैमरा देखा। जैसे ही दर्शक कहानी में खो जाते हैं, रवि किशन एक और मजेदार बात कहते हैं: मैं वही आदमी हूँ जिसने तुम्हें मुंबई दिखाया। उनकी यह बात सुनते ही माहौल हंसी से भर जाता है। कपिल भी मजाक में उनका साथ देते हैं, जिससे बातचीत और भी मजेदार हो जाती है और दर्शक इस हल्के-फुल्के अंदाज का खूब आनंद लेते हैं।

मजा तब और बढ़ जाता है जब सुनील ग्रोवर मनजोत सिंह 2.0 बनकर मंच पर आते हैं और अपने खास अंदाज में मजेदार और ड्रामैटिक बातें करते हैं। वहीं, कृष्णा अभिषेक और किकू शारदा हमेशा की तरह सिक्योरिटी जोड़ी मोना और सोना बनकर आते हैं, और अपने मजाकिया अंदाज से बातचीत में हंगामा मचा देते हैं।अलग-अलग किरदारों और मजेदार बातों से मंच तुरंत हंसी का पिटारा बन जाता है। रवि किशन की मजेदार पुरानी यादों, ओरी का अलग अंदाज और मलाइका के ग्लैमरस स्टाइल के साथ, शो पुरानी यादों, मस्ती और लगातार हंसी का धमाका बन जाता है।

# रामलखन सिंह यादव की मनाई गई 106 वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। सोमवार को स्थानीय रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के सभागार में जनमानस की छवि , समाज की आईना और नई पीढ़ी के प्रेरणाश्रोत रामलखन सिंह यादव की जयंती कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर तरुण कुमार माथुर की अध्यक्षता में मनाई गई।

मंच का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। बुद्धिजीवी चेतना मंच द्वारा आयोजित रामलखन सिंह यादव स्मृति सह जयंती समारोह के संदर्भ में मंच के पथ प्रदर्शक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन औरंगाबाद के जिला महासचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जयंती समारोह के सूत्रधार लवलेश कुमार यादव, रामजन्म यादव, श्यामता प्रसाद यादव, गोपाल यादव , अजय यादव , नंदकिशोर यादव, संजीत यादव, संतोष कुमार सुमन उर्फ बड़े की उत्कृष्ट योगदान और प्रेरणा की देन है ।सभी ने कहा कि युगों तक जीवित और अमरत्व की






कृति करने वाले बाबू रामलखन सिंह यादव के पदचिन्हों पर चलकर और उनके आदर्श को अंगीकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।अपने वक्तव्य में संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रचनाकार , रचना से सदैव भिन्न होता है ,जबकि रचना से ही रचनाकार की पहचान होती है।

वक्ताओं ने कहा कि रामलखन सिंह यादव का यह कॉलेज शिक्षा जगत की यह एक रचना ही है जिसको देश पढ़ रहा है। यह कृति अनेक पीढ़ियों के लिए वरदान है ।मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री माननीय सुरेश पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का वर्तमान समय तलवार बांटने का नहीं है ।लैपटॉप और कलम युग आया है। नई पीढ़ी को वर्तमान समय में रखें यही समय की मांग है। समाज को गहराई से समझने वाले जे पी सेनानी और खादी ग्रामोद्योग के जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रामलखन बाबू एक ऐसे महान व्यक्ति रहे हैं,जिन्होंने शिक्षा के अलावे राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन के योद्धा भी रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अहंकार सत्य को स्वीकार नहीं करता, यदि किसी ने राम लखन सिंह यादव को नहीं समझा या समझने का प्रयास नहीं किया वो वास्तव में अहंकार के आगोश में जी रहा है। ज्ञान गंगा और नारायणा मिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक नंदकिशोर यादव एवं बीरेंद्र कुमार ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि किताबें चुप रहती है लेकिन जिसने पढ़ लिया,उसे बोलना और लड़ना सीखा देती है। आज इस कॉलेज के छात्र पढ़ कर देश , समाज और इस मंच का नाम रौशन कर रहे हैं।

मंच साझा करते हुए तुलसी यादव ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां मनाकर उनके आदर्श और आचरण को जीवन में उतरेंगे तो दूसरों को नेतृत्व करेंगे या यदि उन्हें जान भी गए तो दूसरों को मार्गदर्शन करेंगे। प्रोफेसर प्रमोद सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह आमोद चंद्रवंशी ,चंद्रदीप राय, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रोफेसर श्यामनारायण यादव ने कहा कि धीर ,वीर, गंभीर आचरण वाले पुरुष ही समाज की नजरों में महान बनते हैं। ऐसे इस धरा पर कोई अमर बन कर नहीं रहता, परन्तु मर कर भी अमर रहने के लिए रामलखन सिंह यादव जैसे महान व्यक्ति की कृति होती है।

पूनम यादव , संगीता यादव एवं मंजू सिंह ने कहा कि शेर ए बिहार से प्रख्यात बाबू रामलखन सिंह यादव ने हर समाज के लिए शिक्षा का एक ऐसा वृक्ष लगाया है जिसके फल का स्वाद अनेक पीढ़ियों को मिलता रहेगा। मंच की शोभा बढ़ा रहे बल्केश्वर यादव , धानुक मुखिया , शंकर यादव , राम परीखा यादव , अनिल यादव, डॉक्टर रमेश यादव , अपनी लंबी अभिव्यक्ति के बीच कहा कि रामलखन सिंह यादव की राजनीतिक और सामाजिक जीवनी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का श्रोत बनेगा ।

मंच का संचालन शिक्षक डॉक्टर संतोष यादव ने किया ।श्यामता प्रसाद यादव ने अपनी अभिव्यक्ति में कहा कि रामलखन सिंह यादव जैसे महान व्यक्ति और कृति करने वाला यदि देश को मिले तो सारी दुनिया भारत के लोगों को शेर ए हिंदुस्तान के नाम से जानेगी । अंत में उन्होंने सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों को अभिवादन करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की ।

## कच्चे तेल की खोज शुरू

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के पटेढ़ी बेलसर प्रखंड की किस्मत जल्द ही बदल सकती है। प्रखंड के नगवां मिश्रौलिया गांव के आसपास चंवर कच्चा तेल (क्रूड आयल) और प्राकृतिक गैस मिलने की प्रबल संभावनाओं के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देश पर अल्फा जियो कंपनी ने व्यापक स्तर पर सर्वे शुरू कर दिया है।

कंपनी नगवां विरमामठ गांव में बोरिंग कर रही है। बिना पूर्व सूचना के खेतों में खोदाई किए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी भी देखी जा रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यदि यहां तेल के भंडार मिलते हैं, तो यह न केवल प्रखंड बल्कि पूरे बिहार के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

कंपनी के अनुसार, करीब 20 दिन पूर्व हुई प्रारंभिक जांच से मिले डाटा के बाद संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। फिलहाल प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चंवर में कच्चा तेल और गैस की तलाश के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए जगह-जगह बोरिंग कर पाइप आदि लगाकर वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया चल रही है।

# झाड़ी में फेंके नवजात की महिला दारोगा ने बचायी जान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। एक मां ने अपने नवजात बच्चे को जन्म देने के बाद झाड़ियों में फेंक दिया।

हालांकि पुलिस की सतर्कता और महिला दारोगा सोनी कुमारी की तत्परता से मासूम की जान बच गई। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र की है।

मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि आरा-बक्सर फोरलेन के छोटकी सासाराम स्थित एक निजी रेस्टोरेंट के पास झाड़ी में कपड़े में लिपटा एक नवजात बच्चा पड़ा है।

सूचना मिलते ही महिला दारोगा और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। दारोगा सोनी कुमारी ने तुरंत उस बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे सदर अस्पताल, आरा पहुंचाया गया। वहां नवजात शिशु इकाई में उसका इलाज चल रहा है।

स्थानीय ग्रामीण की सतर्कता से पुलिस को समय पर जानकारी मिली। दरअसल किसी राहगीर की नजर बच्चे पर पड़ी तो वह चौंक गया।

गजराजगंज ओपी प्रभारी चंचल महथा ने बताया कि बच्चे के स्वजन की पहचान अभी नहीं हो पाई है और बाल संरक्षण इकाई को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मासूम की जान बचाने में पुलिस और महिला दारोगा की सराहनीय भूमिका, अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है।

# एक सौ नीलगाय की गई शूट ,किसानों को राहत

## बचे गांवों के किसानों में अपने मुखिया के खिलाफ आक्रोश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र की एकसार और अतरसन पंचायतों में मंगलवार को करीब एक सौ घोडपड़ासों मारे गये ।फसलों को नुकसान पहुंचा रहे घोड़परास से राहत दिलाने के लिए एकसार पंचायत में हैदराबाद से आए विशेषज्ञ शूटर टीम नबाब शफातअली खां प्रतीक्षा सिंह, आकाश कुमार,कुमोद कुमार,के द्वारा अभियान चलाकर 45 घोड़परास को मार गिराया गया। मुखिया जयराम शाह के आवेदन पर प्रशासन ने यह कदम उठाया है। वन विभाग मोके पर स्थानीय ग्रमीण उपथित रहे। एकसार पंचायत के मुखिया जयराम शाह, राजू यादव,अनिल सिंह भूटान प्रसाद देवनाथ महतो दिलीप महतो हीरालाल यादव आदि थे। किसानों की मानें तो पड़ोस के पंचायतों में भी अगर नीलगायें नहीं मारी गई तो कोई ज्यादा फायदा नहीं मिलेगा ।रसूलपुर थाना क्षेत्र में नीलगायों से आक्रांत चनचौरा पंचायत के किसानों का कहना है कि शूटर से बचे घोड़पड़ास उनके क्षेत्र में आ गये हैं। उपरोक्त दो पंचायतों को छोड़ अन्य पंचायतों के किसानों में अपने अपने पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ काफी आक्रोश है। बताया जाता है कि घोडपड़ास आदि जंगली जानवरों को खत्म करने के लिए आनलाईन आवेदन जिलाधिकारी को मुखिया को करना होता है तब जाकर शूटर आते हैं और नीलगायें मारते हैं।

# सीओ की हड़ताल से कामकाज ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** जिले के कुचायकोट अंचल कार्यालय में अंचल पदाधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से भूमि से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो गए हैं। मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचे लोगों को उस समय निराश होकर लौटना पड़ा, जब उन्होंने अंचल पदाधिकारी के कक्ष पर ताला लटका हुआ पाया। इससे आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र से लेकर दाखिल-खारिज, पैमाइश और भूमि परिमार्जन जैसे कई जरूरी काम ठप हो गए हैं ।मंगलवार को कुचायकोट अंचल कार्यालय में अंचल पदाधिकारी के कक्ष पर ताला लटका रहा। इसके कारण बड़ी संख्या में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा। लोगों का कहना है कि अधिकारी के हड़ताल पर रहने से कार्यालय का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

कार्यालय पहुंचे लोगों ने बताया कि पिछले महीने भी अंचल पदाधिकारी की हड़ताल के कारण कई दिनों तक कामकाज प्रभावित रहा था। इसके बाद प्रखंड के चार राजस्व कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से भी सरकारी कार्य बाधित रहे थे। अब एक बार फिर अधिकारियों के हड़ताल पर चले जाने से आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

अंचल कार्यालय में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों के साथ-साथ दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, पैमाइश और अन्य राजस्व संबंधी मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसके कारण दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचे पुरखास पंचायत के मृत्युंजय राय ने बताया कि वह अपनी भूमि के परिमार्जन के संबंध में अंचल पदाधिकारी से मिलने आए थे, लेकिन कार्यालय पहुंचने पर पता चला कि सीओ हड़ताल पर हैं।

# जंगल से सड़ी-गली मिली विधवा की लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार के गया जिले के नक्सल प्रभावित इमामगंज थाना क्षेत्र के झीलमिलवा जंगल से एक विधवा महिला का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस ने इस मामले में मृतका के देवर को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक महिला कई दिनों से लापता थी और अब उसका शव जंगल से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया है।

परिजनों के अनुसार महिला तीन मार्च से ही लापता थीं। मृतका की बहन ने बताया कि उसी दिन उनके देवर प्रमित कुमार किसी बहाने से महिला को घर से बुलाकर ले गया था। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। लंबे समय तक तलाश के बाद जब महिला का पता नहीं चला तो परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और शक के आधार पर महिला के देवर प्रमित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि झीलमिलवा जंगल में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला का शव काफी हद तक सड़ चुका था। आसपास के हालात को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को जंगल में फेंक दिया गया था।

घटनास्थल के आसपास नमक भी मिला है, जिससे यह शक गहरा गया है कि शव को जल्दी गलाने के उद्देश्य से नमक का इस्तेमाल किया गया होगा।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि महिला के साथ पहले मारपीट की गई और उसके साथ दुष्कर्म जैसी वारदात को भी अंजाम दिया गया, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस इस संबंध में फिलहाल कोई स्पष्ट बयान देने से बच रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। साथ ही आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच तेजी से जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# पूर्व विधायक का निधन

**बिहारशरीफ।** अस्थावां और सूर्यगढ़ा के पूर्व विधायक सतीश कुमार का निधन हो गया। ब्रेन हैमरेज के बाद उनकी हालत गंभीर हो गई थी और उन्हें पटना के फोर्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने मंगलवार की सुबह पौने सात बजे अंतिम सांस ली।

उनके निधन की खबर से नालंदा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सतीश कुमार मूल रूप से शेखपुरा जिले के बरबीघा प्रखंड के सर्वा गांव के निवासी थे। उनका जन्म वर्ष 1948 में हुआ था। वे सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय नेताओं में गिने जाते थे।

12 फरवरी 1994 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित विशाल और अनुशासित कुर्मी चेतना महारैली के आयोजन के कारण सतीश कुमार की पहचान पूरे बिहार में बनी।

इस रैली का उद्देश्य कुर्मी समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना और सामाजिक चेतना को मजबूत करना था। उस समय कुर्मी, कोइरी और अतिपिछड़ा समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया था।

# पेट्रोल पम्प का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत के डुमरा चौक के पास मंगलवार को इंडियन ऑयल के नए पेट्रोल पंप सुनैना पेट्रोलियम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी संतोष कुमार सिंह,रविंद्र कुमार, सिंटू सिंह, पुष्कर कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह, समाजसेवी पूर्व मुखिया दिलीप कुमार सिंह, राम प्रसाद सिंह, विकेश कुमार सिंह, राजन कुमार, संजीव कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, योगेंद्र पासवान, राम अवतार मुखिया, अरविंद कुमार सिंह, मुखिया पति राजेश कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे उद्घाटन के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने इसे शिवाजीनगर प्रखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर नए पेट्रोल पंप के शुरू होने पर खुशी जाहिर की।

# बिहार में औद्योगिक निवेश को गति : बियाडा ने 74 एकड़ भूमि 10 इकाइयों को किया आवंटित

**▸ 1,400 करोड़ निवेश और 2000 से अधिक रोजगार की संभावना ▸ प्रमुख आवंटनों में श्याम स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि और तैयार औद्योगिक शेड्स आवंटित करने को मंजूरी दी गई। समिति ने राज्य के 8 औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 73.47 एकड़ भूमि 10 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित करने का निर्णय लिया जिससे बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इन स्वीकृत औद्योगिक परियोजनाओं में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रिक उपकरण, ग्रीन एनर्जी और सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रस्तावित इकाइयों के माध्यम से राज्य में लगभग 1,344 करोड़ का निवेश आने का अनुमान है जिससे करीब 2,003 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। भूमि आवंटन प्राप्त करने वाली प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, मेसर्स एसएसआईएल पेंट (श्याम स्टील ग्रुप) और मेसर्स सत्यपरी एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

बियाडा द्वारा उद्योगों के लिए बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं और निवेश के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह निर्णय बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# शिक्षा और समाज सेवा की मिसाल नूतन पांडेय को मिला 'गार्गी क्वीन' सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित गार्गी नारीशक्ति सम्मेलन-2026 में समाज सेवा, शिक्षा के प्रसार तथा महिलाओं को प्रेरित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट और निःस्वार्थ योगदान के लिए रोहतास जिले की शिक्षिका एवं समाजसेवी नूतन पांडेय को 'गार्गी क्वीन' के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। नूतन पांडेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू (रोहतास) में शिक्षिका हैं और साथ ही लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत गार्गी अध्याय की जिला मुख्य समन्वयक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व में सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का संदेश लगातार फैलाया जा रहा है। इस अवसर पर नूतन पांडेय ने प्रीति बाला के नेतृत्व और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा महिलाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा देता है। साथ ही उन्होंने आईपीएस विकास वैभव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा चलाया जा रहा 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान समाज में शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक आंदोलन बन चुका है।

# मार्च में रविवार को भी जारी रहेगा जमीन-फ्लैट का निबंधन

**मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने जारी किया इससे संबंधित आदेश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के सभी निबंधन कार्यालय मार्च महीने के रविवार को खुले रहेंगे। मद्य निषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार सभी निबंधन कार्यालयों में रविवार को आम दिनों की भांति जमीन/फ्लैट का निबंधन किया जाएगा। यह फैसला आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**विभाग को मिला करोड़ों का राजस्व**

निबंधन विभाग ने जनवरी 2026 से रविवार समेत अन्य सभी छुट्टियों पर निबंधन कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रखने की शुरुआत की थी। कामकाजी वर्ग के लिए यह सुविधा बेहद फायदेमंद साबित हो रही है, वे अब छुट्टियों के दिन बढ़-चढ़ कर निबंधन करवा रहे हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी माह के चार रविवार (4, 11, 18 और 25) पर कुल 3,324 दस्तावेज निबंधित दर्ज किए गए थे जिनसे विभाग को 21 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। पहले रविवार (4 जनवरी): 141 दस्तावेज, 85 लाख रुपये राजस्व, दूसरे रविवार (11 जनवरी): 540 दस्तावेज, 3 करोड़ रुपये राजस्व, तीसरे रविवार (18 जनवरी): 901 दस्तावेज, लगभग 6 करोड़ रुपये राजस्व, चौथे रविवार (25 जनवरी): 1,742 दस्तावेज, 11 करोड़ 55 लाख रुपये राजस्व, वहीं फरवरी महीने के मात्र दो रविवार में लगभग 3,000 दस्तावेजों का निबंधन किया गया जिससे 20 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व हासिल हुआ।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारियों एवं महिला समिति की पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे- नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी), पूर्वी क्षेत्र-1 निधि श्रीवास्तव, अध्यक्षा, प्राची महिला समिति, पावरग्रिड पटना शीला रानी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), पूर्वी क्षेत्र-1 रजत प्रसाद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड कार्यक्रम के दौरान साइबर फ्रॉड से बचाव विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अंतरा झा, संकाय एवं बिहार उभरती तकनीकी परिषद के राज्य अध्यक्ष ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान एवं बचाव के उपायों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु डाइट एवं न्यूट्रिशन विषय पर सत्र आयोजित किया गया जिसे अक्षिता वर्मा, आहार विशेषज्ञ श्री साई अस्पताल एवं दिव्या सिंह, आहार विशेषज्ञ, फोर्ड अस्पताल ने संबोधित किया। उन्होंने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली तथा कार्यस्थल पर पोषण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम पावरग्रिड की महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# बिहटा में 75वें स्थापना दिवस के 'विशेष सेवा पखवारा' का समापन

**नई आइसीयू यूनिट व औषधीय उद्यान का शुभारंभ**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा (पटना)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी से मनाए जा रहे 'विशेष सेवा पखवारा' (प्लैटिनम जुबली) का आज इएसआइसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' तथा कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान श्रम मंत्री ने अस्पताल परिसर का विस्तृत भ्रमण कर यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया और गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए एक नई आईसीयू यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। अपने उद्‌बोधन में श्रम मंत्री ने अस्पताल की उत्कृष्ट सुविधाओं और ओपीडी में इलाज के लिए आए मरीजों की भारी उपस्थिति को देखकर यहां दी जा रही चिकित्सा गुणवत्ता की प्रशंसा की।

# सावित्रीबाई फूले की सोच और अभियान को पीएम मोदी फलीभूत कर रहे हैं : संजय सरावगी

**सावित्रीबाई फूले की 129वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दरोगा राय पथ स्थित फूले स्मारक स्थल पर माली-मालाकार कल्याण समिति के तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की 129वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी, दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सावित्रीबाई फूले आजीवन समाज सुधार के मूल्य तथ्यों के लिए समर्पित रही। यातना और विरोध झेल कर भी अपने अभियान से पीछे नही हटी चाहे नारी शिक्षा हो, गंभीर बीमारी से लोगों को बचाना हो इसमें उन्होंने अपनी प्राण की कुर्बानी तक दे दी। सावित्रीबाई फूले का जो शिक्षित, संगठित और जागृत समाज की जो सोंच और कल्पना थी और जो उन्होंने अभियान चलाया था आज उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसे फलीभूत कर रहे हैं और आज देश की बेटी हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। सहकारिता एवं वन-पर्यावरण मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि सावित्रीबाई फूले के विचार और कृत्ति को भुलाया नहीं जा सकता है आज हमारी माता, बहनें और बच्चियां शिक्षा के प्रति सजग है तो उसमें सावित्रीबाई फूले का अहम योगदान है। दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि फूले दंपति आजीवन देश और समाज उत्थान के लिए कृतसंकल्पित रहे। समाज सुधार में ये आजीवन लगे रहे। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने कहा कि सावित्रीबाई फूले ने जो सत्य सोधक समाज और महिला शिक्षा की ज्योति पूरे देश में जगायी उसका परिणाम पूरे देश में देखने को मिलता है और समाज में समानता का बोध सेवा और शिक्षा के माध्यम से किया। इस दौरान कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार मालाकार, पूर्व विधानपार्षद आजाद गांधी, नागेन्द्र रंजन मालाकार, पप्पू मालाकार, पंकज मालाकार, जितेन्द्र मालाकार, पिंकू मालाकार, पींटू मालाकार, राघवेन्द्र मालाकार, विरेन्द्र मालाकार, चंदन सैनी, ज्योति स्वरूप, संतोष सिन्हा मालाकार, लोककल्याण जितेन्द्र मालाकार, भाजपा कार्यालय मंत्री प्रवीण पटेल, पूर्व मेयर संजय चंद्रवंशी, विजय भगत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 5 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# केवाइपी बचाओ आंदोलन की चेतावनी, 48 घंटे में समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/वैशाली।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के तहत कार्यरत केंद्र संचालकों ने अब अपनी समस्याओं को लेकर 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' तेज करने की चेतावनी दी है। संचालकों का कहना है कि यदि 48 घंटे के भीतर लंबित भुगतान और अन्य समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो इसके बाद होने वाले आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों और प्रशासन की होगी। केंद्र संचालकों के संगठन केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी ने कहा है कि उनका उद्देश्य योजना को बाधित करना नहीं बल्कि केवाईपी योजना को बचाना और व्यवस्था को सुधारना है। इसी उद्देश्य से राज्यभर के संचालकों द्वारा विरोध मार्च और आंदोलन की तैयारी की जा रही है। संचालकों का आरोप है कि राज्य के लगभग 1800 केवाईपी केंद्रों का भुगतान पिछले चार महीनों से लंबित है। भुगतान नहीं मिलने के कारण कई केंद्रों पर कर्मचारियों का वेतन, किराया, बिजली बिल और अन्य संचालन खर्च का प्रबंधन करना मुश्किल हो गया है। इस बीच युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का एक पत्र भी सामने आया है जिसमें स्वीकार किया गया है कि केवाईपी एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लंबे समय से भुगतान नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं जिससे बिहार कौशल विकास मिशन की छवि प्रभावित हो रही है। पत्र में लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए थे। हालांकि संचालकों का कहना है कि अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। केंद्र संचालकों ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को 20 सूत्री मांगों का ज्ञापन विभागीय सचिव को सौंपा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली है। इसी कारण अब संचालकों ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। संचालकों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 48 घंटे के भीतर विभाग की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो राज्यभर में 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' को व्यापक रूप दिया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों और प्रशासन की होगी।

# महिंद्रा फाइनेंस का धन संवाद वित्तीय सशक्तीकरण और डिजिटल कौशल को दे रहा बढ़ावा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक महिंद्रा फाइनेंस ने प्लान इंटरनेशनल के साथ साझेदारी में अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम धन संवाद को और मजबूत किया है ताकि समुदायों में सार्थक परिवर्तन लाया जा सके। महिंद्रा फाइनेंस की जमीनी स्तर की विशेषज्ञता और प्लान इंटरनेशनल के परिणाम-उन्मुख प्रशिक्षण पर केंद्रित दृष्टिकोण का लाभ उठाते हुए यह साझेदारी वित्तीय साक्षरता की कमी को दूर करने के साथ-साथ दीर्घकालिक व्यवहारिक और डिजिटल सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है। नीलिमा डी सिल्वा दलवी, वाइस प्रेसिडेंट, हेड सीएसआर, महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि धन संवाद इस विश्वास पर आधारित है कि वित्तीय साक्षरता और डिजिटल समावेशन सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य समुदायों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सक्षम बनाना और उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। वहीं मोहम्मद आसिफ, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्लान इंटरनेशनल ने कहा कि महिंद्रा फाइनेंस के साथ हमारी साझेदारी ने हमें लक्षित और परिणाम-उन्मुख वित्तीय साक्षरता समाधान लागू करने का अवसर दिया है जिसका व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है।

# बी.डी. कॉलेज के 56वें स्थापना दिवस समारोह पर 'ज्योति शिखा' और 'आकाशदीप' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बापू टावर ऑडिटोरियम आज गवाह बना बी.डी. कॉलेज के गौरवशाली 56वें स्थापना दिवस समारोह का जो बापू टावर और बी डी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ और जहां शिक्षा, शोध और नवाचार की अनुगूंज ने पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कॉलेज में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 'इतने कम समय में बी.डी. कॉलेज नित नए कीर्तिमान स्थापित करता जा रहा है। वह दिन दूर नहीं जब इसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होगी।' उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत को दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. राणा सिंह ने कहा कि प्राचार्या 'यथा नाम तथा गुण' की कहावत को चरितार्थ करती हैं और उनके नेतृत्व में हो रहे कार्यों की गूंज दूर तक सुनाई पड़ रही है। वहीं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने स्थापना दिवस को संस्थान की आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि बताया और शोध पत्रिका 'ज्योति शिखा' तथा समाचार पत्रिका 'आकाशदीप' के लोकार्पण हेतु साधुवाद दिया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस अवसर को सौभाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि बापू के जीवन को दर्शाने वाले बापू टावर सभागार में स्थापना दिवस मनाना स्वयं में प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा प्राचार्या के रूप में पदभार ग्रहण करते समय मैंने यह संकल्प लिया था कि बी.डी. कॉलेज को पटना के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित करूंगी। आज स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर मैं अपने उस संकल्प को पुनः दोहराती हूं। यह केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि एक जीवंत ध्येय है जिसे मैं अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों और समाज के साथ मिलकर साकार करना चाहती हूं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नए सत्र से आर्टिफिसिएल इंटेलीजेंस तथा इवीएम का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है जो विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करेगा। शोध पत्रिका ज्योति शिखा के संपादक डॉ. अमित कुमार ने प्रकाशन की सफलता का श्रेय प्राचार्या को दिया और कहा कि 'फ्रंट से लीड करने वाला नेतृत्व कई कार्यों को सहज बना देता है।' वहीं समाचार पत्रिका आकाशदीप के संपादकीय वक्तव्य में डॉ. यादव गुंजन रामराज ने संपादक मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे कॉलेज के लिए एक नई शुरुआत बताया।

# विश्व महिला दिवस पर रोटरी क्लब में महिला सम्मान समारोह का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना द्वारा आर-ब्लॉक स्थित रोटरी भवन में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा महिला सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशिष्ट समाजसेवी एवं बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन अध्यक्ष गीता जैन, राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी संगीता बहन तथा उर्मिला बहन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रोटेरियन रश्मि कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'नारी शक्ति है, नारी सम्मान है और नारी भगवान का अर्धरूप है। समाज के विकास और परिवार की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।' अपने संबोधन में गीता जैन ने कहा कि 'नारी सर्वरूपा है।

# दिगम्बर जैन संतों ने निर्माणाधीन फिल्म 'तीर्थंकर' के लिए दिया प्रेरक आध्यात्मिक संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के फिल्म निर्देशक राजेन्द्र जैन के निर्माणाधीन फिल्म तीर्थंकर को दिगम्बर जैन संतों ने प्रेरक आध्यात्मिक संदेश दिया है। जैन संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज, जो लगभग 2000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करते हुए पार्श्वनाथ जाने के मार्ग में पटना पधारे थे, को पटना के फिल्म निर्देशक राजेन्द्र जैन के निर्माणाधीन फिल्म तीर्थंकर के बारे में जानकारी दी गई। जैन समाज के एम.पी. जैन द्वारा फिल्म की जानकारी दिए जाने पर आचार्य वसुनन्दी जी महाराज ने कहा कि तीर्थंकर अपनी आत्मा का कल्याण करते हुए समस्त जीवों के कल्याण के लिए धर्म का प्रवर्तन करते हैं, इसलिए वे तीर्थंकर कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में समाज में धर्म, संयम और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसे देखने से जन-जन का कल्याण होगा। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपना प्रेरक आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक पटना के राजेन्द्र जैन तथा राजस्थान के पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने आचार्य श्री के सान्निध्य में फिल्म का पोस्टर विमोचन किया और उनका विशेष संदेश रिकॉर्ड किया। आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि तीर्थंकर वे महान आत्माएं हैं जो संसार-सागर से पार उतरने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लेकर 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर तक सभी ने आत्मा की शुद्धि को ही परम सुख का वास्तविक स्रोत बताया है।

# निवेशकों को बाजार की दिशा समझाने वाले निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 वर्ष पूर्ण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोग अक्सर यह जानना चाहते हैं कि बाजार किस दिशा में जा रहा है। ऐसे में कुछ बड़े इंडेक्स निवेशकों को बाजार की स्थिति समझने में मदद करते हैं। भारत में ऐसा ही एक अहम इंडेक्स है निफ्टी 50 जिसने अब अपने 30 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने निफ्टी 50 के 30 वर्ष पूरे होने पर मुंबई स्थित एक्सचेंज प्लाजा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बाजार से जुड़े कई प्रमुख लोग, निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधि और पूंजी बाजार से जुड़े विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम में तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, एस. गुरुमूर्ति पब्लिक इंटेलेक्चुअल, लेखक और भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में श्रीनिवास इंजेती, चेयरमैन, एनएसई और आशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# जंग की आंच बाजार तक, तेल संकट

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। जब दो या अधिक देशों के बीच युद्ध का मोर्चा खुलता है, तो उसका असर सिर्फ इस रूप में सामने नहीं आता कि एक-दूसरे पर किए गए हमले के नतीजे में जानमाल की व्यापक क्षति होती है। बल्कि जंग के लंबा खिंचने पर कई स्तरों पर जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है और नतीजतन बाजार में लगभग सभी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं।ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। हाल ही में भारत के शेयर बाजार पर भी इसका असर देखा गया, जहां बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को लगभग उन्नीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।चूंकि युद्ध की तीव्रता में फिलहाल कोई नरमी नहीं देखी जा रही है, इसलिए यह स्थिति अभी कायम रहने की आशंका है। मगर इससे इतर अब युद्ध का असर देश के आम लोगों के घर के दरवाजे तक पहुंचना शुरू हो चुका है। मसलन, रसोई गैस की कीमत में साठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है।कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की वजह से भारत सहित अन्य कई देशों को नए रास्तों की ओर देखना पड़ रहा है। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों के सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजार के इस रुख का असर कहां तक जा सकता है और अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो वैसे देशों में कैसी मुश्किल पैदा होगी, जहां की अर्थव्यवस्था और जीवनयापन का एक बड़ा हिस्सा बाहर से आपूर्ति पर निर्भर है।इजरायली हमले के बाद प्रतिक्रिया में ईरान ने जो रुख अख्तियार किया है, उससे पहले ही कई मुख्य तेल उत्पादक देशों में असुरक्षा का माहौल है। फिर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के रास्ते को ईरान ने जिस तरह बाधित कर दिया है, उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी।होर्मुज की नाकाबंदी की वजह से उस इलाके में फंसे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना होगा। भारत के सामने ही स्थिति यह है कि इसके पास अगले छह से आठ हफ्ते का तेल भंडार है। स्वाभाविक ही भारत को अब तेल के लिए अन्य वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा।राहत की बात यह है कि एक ओर रूस ने भारत को तेल बेचने की पेशकश की, तो दूसरी ओर अमेरिका ने भी इस मसले पर नरम रुख अपनाया है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध का असर केवल वैश्विक स्तर पर तेल और गैस के बाजारों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि तनाव में बढ़ोतरी कई बड़े उद्योगों के लिए भी चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है।खासतौर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आना और इसका असर बाजार में अन्य लगभग सभी सामान पर पड़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, इसके समांतर माल ढुलाई के महंगा होने की वजह से सब्जियों से लेकर दूसरी कई जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ेंगे।निश्चित रूप से इससे प्रभावित देशों को अपने स्तर पर विकल्प और समाधान निकालने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या युद्ध में शामिल देशों को इस बात की फिक्र है कि उनकी वजह से दुनिया भर में आम लोगों के सामने अपनी अनिवार्य जरूरतें पूरी करने के लिए जद्दोजहद के कितने मोर्चे खुल गए हैं।

**नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे 'माता' के रूप में सर्वोच्च आदर दिया।**

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

(ललित गर्ग)

'मातृदेवो भवः' की वाणी से लेकर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को 'माता' कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्टीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात् अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्टपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्टपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्टीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी




प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को 'कमजोर' मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया।

जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्टीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- ''सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई।'' यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्टसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरुआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

नारी को भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा। इतिहास गवाह है कि जब नारी ने अपने आत्मबल को पहचाना है, तब समाज की दिशा बदल गई है। शिक्षा और आत्मविश्वास नारी के लिए वही भूमिका निभाते हैं जो प्रकाश अंधकार के लिए करता है। आज की नारी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि परिवर्तन की निर्माता है। वह विज्ञान में शोध कर रही है, आकाश में विमान उड़ा रही है, संसद में कानून बना रही है, और समाज में नेतृत्व कर रही है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नारी सम्मान का प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में नारी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होती है, वही समाज वास्तव में विकसित और मानवीय कहलाता है। इसलिए अंतरराष्टीय महिला दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि नारी को सम्मान देने का कार्य केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की सामाजिक चेतना होना चाहिए। जब समाज यह स्वीकार कर लेगा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि भविष्य की निर्माता है, तब वह दिन दूर नहीं होगा जब 'नारी सशक्तिकरण' शब्द की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी-क्योंकि नारी स्वाभाविक रूप से सशक्त होगी और तब शायद दुनिया सचमुच उस आदर्श को जी पाएगी, जिसे भारतीय संस्कृति ने हजारों वर्ष पहले कहा था-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खाने का संकट हो सकता है पैदा, होर्मुज इफेक्ट से कई देश होंगे प्रभावित

(संजीव कुमार)

ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के हालात बिगड़ सकते हैं। इस युद्ध का असर तेल और गैस आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। कई देशों को खाद्य असुरक्षा और महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। यूक्रेन और रूस युद्ध के समय भी स्थिति बिगड़ी थी।





ईरान-इजरायल युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के हालात की वजह से तेल और गैस आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसका नतीजा मार्केट पर दिखने लगा है। लेकिन, इसके बीच एक और संकट गहरा रहा है - उर्वरक आपूर्ति में कमी। अगर यह बाधा लंबे समय तक जारी रहती है तो दुनिया को खाद्य असुरक्षा और महंगाई का सामना करना पड़ सकता है।

होर्मुज इफेक्ट- पश्चिम एशिया दुनिया का एक बड़ा उर्वरक उत्पादक क्षेत्र है। वैश्विक यूरिया निर्यात का लगभग 35त्न होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। इसी रास्ते से दुनिया का 45त्न सल्फर भी ट्रांसपोर्ट होता है। यूरिया सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला फर्टिलाइजर है, जिसकी वजह से दुनिया का करीब आधा अनाज पैदा होता है। होर्मुज पर ईरान की पहरेदारी के चलते शिपमेंट का आना-जाना बंद है और हर बीतते दिन के साथ सप्लाई चेन टूट रही है। स्थिति ज्यादा गंभीर। करीब 4 साल पहले, जब यूक्रेन और रूस युद्ध शुरू हुआ था, तब भी इसी तरह की सिचुएशन बनी थी। उस वक्त दो बड़े झटके लगे थे - गेहूं की आपूर्ति में कमी और फर्टिलाइजर्स की कीमतों में तेज उछाल। यूक्रेन और रूस मिलकर गेहूं का करीब 30त्न ग्लोबल एक्सपोर्ट करते हैं, जिस पर उस समय एकदम से रोक लग गई थी। हालांकि तब जल्द ही रूस से दोनों चीजों का निर्यात जारी रहा। वहीं, भारत जैसे देशों ने गेहूं निर्यात बढ़ा दिया। लेकिन, इस बार सीधे समुद्री मार्ग बाधित होने से स्थिति दूसरी है। प्रॉडक्शन रोका। ईरान ने जिस तरह से दूसरे अरब देशों में मौजूद फैसिलिटीज को निशाना बनाया है, उससे भी असर पड़ा है। समुद्र के रास्ते होने वाले यूरिया के कुल व्यापार में क्वाटर एनर्जी की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। इसके एक कॉम्प्लेक्स पर दो दिन पहले ड्रोन अटैक हुआ था, जिसके बाद कंपनी ने सल्फर, अमोनिया और यूरिया का प्रॉडक्शन रोक दिया है। ईरान और सऊदी अरब की सप्लाई भी प्रभावित हुई है।

गैस में कमी- फर्टिलाइजर मार्केट शुरू से बेहद संवेदनशील रहा है। चीन जैसे मुल्क अपनी जरूरत को देखते हुए ग्लोबल सप्लाई को प्रभावित करते हैं। नैचुरल गैस भी बड़ा फैक्टर है, जिसकी जरूरत फर्टिलाइजर प्रॉडक्शन में पड़ती है और जिसमें कमी आई है।

फसल पर असर। भारत ने पिछले साल अप्रैल से नवंबर के बीच रेकॉर्ड 70 लाख टन यूरिया आयात किया था। देश अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत फर्टिलाइजर पश्चिम एशिया से मंगाता है, यानी उसके लिए स्थिति ज्यादा गंभीर है। अगर किसानों को समय से उर्वरक नहीं मिले, तो असर पहली फसल के साथ ही नजर आने लगेगा।

# मोदी सरकार ने कई राज्यों में राज्यपाल पद पर फेरबदल कर दिये बड़े सियासी संकेत

**तमिल नाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर को वहां का नया राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले वह केरल में राज्यपाल के रूप में कार्य कर रहे थे। चुनावी माहौल को देखते हुए इस नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल तथा उपराज्यपालों की नई नियुक्तियों की घोषणा की। इस फैसले को व्यापक प्रशासनिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इस बदलाव के तहत पश्चिम बंगाल, तमिल नाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नागालैंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और लद्दाख सहित कई स्थानों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।सबसे प्रमुख बदलाव तमिल नाडु के राज्यपाल आरएन रवि के स्थानांतरण के रूप में सामने आया है। उन्हें अब पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।**

(नीरज कुमार दुबे )

वह सीवी आनंद बोस का स्थान लेंगे, जिन्होंने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोस पिछले साढ़े तीन वर्ष से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे और उन्होंने दिल्ली में राष्टपति को अपना इस्तीफा सौंपा।तमिल नाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर को वहां का नया राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले वह केरल में राज्यपाल के रूप में कार्य कर रहे थे। चुनावी माहौल को देखते हुए इस नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।दिल्ली और लद्दाख में भी अहम बदलाव हुए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू लंबे समय तक कूटनीतिक सेवा में रहे हैं और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।तेलंगाना और महाराष्ट में भी राज्यपाल बदले गए हैं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को अब तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं तेलंगाना के राज्यपाल रहे जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। नागालैंड के नए राज्यपाल के रूप में बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में भी नई नियुक्ति की गई है। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। सेना में लंबे अनुभव वाले हसनैन सुरक्षा और रणनीति के मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान की जगह ली है।इस फेरबदल में हिमाचल प्रदेश के लिए भी नई नियुक्ति की गई है। लद्दाख के उपराज्यपाल रहे कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। कविंदर गुप्ता ने गुरुवार को लद्दाख के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल हालांकि काफी चर्चा में रहा। हम आपको याद दिला दें कि कविंदर गुप्ता को जुलाई 2025 में लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान 24



सितंबर 2025 को लेह शहर में हिंसक घटना हुई थी। उस दिन क्षेत्र को संवैधानिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया था। हालात बिगड़ने पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें करगिल युद्ध का एक पूर्व सैनिक भी शामिल था। इस घटना ने देश भर में व्यापक चर्चा को जन्म दिया था।तमिल नाडु में आर एन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार के बीच संबंध भी काफी तनावपूर्ण रहे। सत्तारुढ़ डीएमके ने कई बार आरोप लगाया कि राज्यपाल निर्वाचित सरकार के समानांतर राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल रवि ने कई विधेयकों को मंजूरी देने में देर की थी। इसके बाद अप्रैल 2025 में उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और दस विधेयकों को प्रभावी रूप से स्वीकृत मान लिया गया।राज्यपाल रवि कई बार विधानसभा में सरकार के तैयार भाषण को पढ़े बिना ही बाहर चले गए या फिर अपने विचारों के अनुसार भाषण में बदलाव किया। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि निर्णय उन पर होता तो वे नीट से छूट देने वाले विधेयक को कभी मंजूरी नहीं देते। इन घटनाओं के कारण राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी रही।आरएन रवि का प्रशासनिक और सुरक्षा क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। वह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं और खुफिया ब्यूरो में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 से 2021 के बीच वे नागा शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार के वार्ताकार भी रहे थे। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर आरएन रवि की नियुक्ति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अचानक इस्तीफे की खबर से वे चकित और चिंतित हैं।ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार से इस बारे में पहले कोई परामर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह स्थापित परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक हितों के कारण यह कदम उठाया गया हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो यह संविधान की भावना और देश की संघीय संरचना के लिए चिंताजनक स्थिति होगी। दो वर्ष पूरे करने वाली है। ऐसे में माना जा रहा है कि महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों और बदलावों का दौर शुरू हो चुका है। देखना होगा कि आने वाले समय में मोदी मंत्रिमंडल में क्या फेरबदल होते हैं या अन्य महत्वपूर्ण पदों पर क्या बदलाव देखने को मिलते हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### चौपारण-चतरा सड़क मरम्मत के लिए 35.25 करोड़ की मंजूरी

**चौपारण हजारीबाग (नबिटासं)।** चौपारण से चतरा तक जर्जर हो चुकी करीब 50 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत के लिए सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयासों के बाद इस महत्वपूर्ण सड़क के जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने पिछले विधानसभा सत्र के दौरान सदन में इस सड़क की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास और चतरा विधायक जनार्दन पासवान के साथ मिलकर सरकार को अवगत कराया गया था कि यह सड़क आवागमन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं



होने के कारण इसकी स्थिति काफी खराब हो चुकी है। विधायक ने बताया कि सड़क परियोजना के लिए कुल 35 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जल्द से जल्द लोगों को गड्ढामुक्त और सुरक्षित सड़क उपलब्ध कराई जाए। सड़क मरम्मत की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार जताने वालों में सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, आशीष सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता, महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, यवनपुर मुखिया जानकी यादव, झापा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, दादपुर मुखिया गंदौरी दांगी, भाजपा नेता अरविंद सिन्हा, विकास यादव, कैलाश पांडेय, राकेश पांडेय, सुरेंद्र पांडेय सहित अन्य शामिल हैं।

### भू-विवाद में मारपीट को लेकर चौदह नामजद

**फलका /कटिहार (नबिटासं)।** फलका थाना क्षेत्र के रहटा पंचायत स्थित चुल्हायबाड़ी गांव में भू विवाद में मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों से करीब एक दर्जन से अधिक नामजद लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज हुई है।मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दोनों पक्षों के कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।प्रथम पक्ष पार्वती देवी माली जिला पूर्णिया निवासी ने थाना में दर्ज प्राथमिकी में जिक्र किया है कि फलका थाना क्षेत्र के हसेली में मेरा जमीन है।उक्त जमीन मेरे नाम से है एवं लगान रशीद भी है।जिसका अंचल अमीन द्वारा मापी करवाकर किला-खूंटा गाड़ा हुआ है। इसी जमीन पर हीरालाल ऋषि,रशिक लाल ऋषि,संजय ऋषि,ललन ऋषि,महेंद्र ऋषि,सूरज ऋषि सभी चुल्हायबाड़ी निवासी मिलकर जबरन घर चढ़ा रहा था। घर चढ़ाने से रोकने पर सभी आरोपी गाली-गलौज करने लगा।तभी मैं भी अपना घर चढ़ा रही थी।इसी दौरान पीड़िता ने आरोपियों द्वारा लाठी व तेज धारदार हथियार से हमला कर पति चंद्रदेव मंडल व पुत्र हीरो मंडल को गंभीर रूप से जख्मी कर देने का आरोप लगाई है।वहीं द्वितीय पक्ष की पीड़िता सुलेखा देवी ने भी प्रथम पक्ष के चंद्रदेव मंडल,पार्वती देवी,हीरो मंडल,पंकज मंडल, प्रभु मंडल,नारायण मंडल,लालो मंडल,अनिल मंडल सभी माली जिला-पूर्णिया निवासी के द्वारा भी मारपीट करने,घर उखाड़ कर फेंकने,लूटपाट व जाती सूचक शब्द का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज करवाई है। मामले में थानाध्यक्ष रवि कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के नामजद चंद्रदेव मंडल,हीरो मंडल, हीरालाल ऋषि,रशिक लाल ऋषि,संजय ऋषि कुल पांच आरोपियों को छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आदर्श मध्य विद्यालय में पोशाक वितरण

**चंदवारा/कोडरमा (नबिटासं)।** चंदवारा प्रखंड के चंदवारा आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में पोशाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदवारा पूर्वी मुखिया अनिता देवी एवं पश्चिमि पंचायत के मुखिया संतोष कुशवाहा थे। प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के छात्र छात्राओं को अतिथियों ने पोशाक वितरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद छात्र छात्राओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई।मौके पर प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास,शिक्षक सकलदेव प्रसाद, सुखदेव राणा एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं मौजूद थे।

### थानों में जब्त 1406 लीटर शराब नष्ट

**हिलसा/नालंदा (नबिटासं)।** हिलसा अनुमंडल के विभिन्न थानों में अलगझ्अलग कांडों में जब्त की गई कुल 1406 लीटर देसी व विदेशी शराब को सोमवार की शाम वरीय अधिकारियों की निगरानी में नष्ट किया गया। यह कार्रवाई हिलसा के पुराने डीएसपी कार्यालय के समीप की गई, जहां बुलडोजर से गड्ढा खोदकर शराब को नष्ट किया गया। मध निषेध थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से 707.9 लीटर देसी शराब तथा 698.155 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। जहां हिलसा मध निषेध थाना से 686.8 लीटर विदेशी और 369 लीटर देसी शराब, कराय परसुराय थाना से 67 लीटर देसी, एकंगरसराय थाना से 41.4 लीटर देसी व 11.295 लीटर विदेशी, चंडी थाना से 100 लीटर देसी, तेलहाड़ा थाना से 26 लीटर देसी तथा अंगारी पीर बिगहा ओपी से 11 लीटर देसी शराब जब्त की गई थी।जब्त शराब को राज्य सरकार के निर्देश पर पुराने डीएसपी कार्यालय परिसर के पास गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। इस मौके पर सीओ मो. इकबाल अनवर सहित विभिन्न थानों के कांडों के अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे।

### बालू माफिया से मिलीभगत में गिरियक थाना का चौकीदार बर्खास्त

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** गिरियक थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार से मिलीभगत के आरोप में एक चौकीदार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गिरियक थाना के चौकीदार सर्किल संख्या 1/6 सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव, पिता स्वर्गीय कमलेश गोप, ग्राम बहवलपुर, थाना गिरियक, जिला नालंदा पर अवैध बालू माफियाओं से साठगांठ रखने और उनके साथ मिलकर अवैध रूप से बालू के उत्खनन एवं बिक्री में संलिप्त रहने का आरोप था। इन आरोपों के आधार पर पहले उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था।


# पशु तस्करी में शामिल छह पशु तस्कर गिरफ्तार

## डीसीएम ट्रक में क्रूरतापूर्वक लदे 22 मवेशी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला के कुसेर्ला थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक डीसीएम ट्रक में क्रूरता पूर्वक पशुधन का अवैध परिवहन करते हुए गिट्टी प्लांट एनएच-31 की ओर जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष द्वारा गिट्टी प्लांट एनएच-31 के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक डीसीएम ट्रक पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा । जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पकडे गये पशु लदे ट्रक की तालाशी लेने पर पुलिस ने क्रुरतापूर्वक तस्करी कर ठुसकर ले जा रहे 22 गोवंश बरामद की है।





मौके पर पकडे गये छः पशु तस्कर की पहचान नितीश कुमार सिंह (35) पिता शत्रुधन सिंह,श्रवण कुमार ( 20) पिता शत्रुधन सिंह, बिपेन्द्र कुमार सिंह (30) पिता ब्रहमदेव सिंह,श्रवण कुमार (20) पिता शत्रुधन सिंह, संतोष कुमार सिंह (25) पिता रामहसित सिंह चारों बेलवा थाना कोढ़ा जिला कटिहार निवासी, मो. कलाम (48) पिता रसूल मियां, लक्ष्मण कुमार ( 25) पिता अशोक साह महेशपुर थाना चैथम जिला खगड़िया बताया। इस संदर्भ में छह पशु तस्कर को विधिवत गिरफ्तार किरते हुए कुसेर्ला थानाकांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पशुतस्करी के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये हैं हाल के दिनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से तस्करी कर ले जा रहे गोवंश की बडी खेप पकडे जाने का सिलसिला जारी है।

# पिकअप वैन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** गेड़ाबाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग-81 पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। अनियंत्रित रफ्तार का कहर इस कदर बरपा कि एक खुशहाल परिवार की खुशियाँ मातम में बदल गईं। घटना कोढ़ा थाना क्षेत्र के चरखी के समीप की है। जानकारी के अनुसार चंदवा सावित्री देवी (60) सुबह लगभग 11 बजे अपने परिवार के सदस्यों के साथ टोटो ई-रिक्शा पर सवार होकर कोढ़ा सरकारी अस्पताल जा रही थीं। जैसे ही उनका टोटो चरखी के पास पहुँचा। विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वैन ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि सावित्री देवी को गंभीर चोटें आईं और इस कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टोटो पर सवार अन्य लोग भी इस हादसे में बाल-बाल बचे। जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। हादसे को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से भागने में सफल रहा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सड़क पर हुई इस दर्दनाक मौत को देखकर ग्रामीणों में प्रशासन और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ काफी आक्रोश देखा गया। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

कोढ़ा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात पिकअप वैन और उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर फरार वाहन की पहचान करने में जुटी है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों सहित भटवाड़ा पंचायत के उप मुखिया गोपाल कृष्ण झा ने बताया कि इस जगह सड़क घुमावदार होने के कारण लगभग 2 साल में आधा दर्जन लोगों की जान जा चुकी है । इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर मेयर ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 12 मार्च 2026 को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के तहत कटिहार आगमन को लेकर नगर निगम क्षेत्र के कार्यक्रम स्थल एवं आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क की स्थिति सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम की ओर से सभी व्यवस्थाएँ बेहतर एवं व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाएगी । महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर शहर की व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार , सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव सहित नगर निगम के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसपी शिखर चौधरी ने की। गोष्ठी में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार, अजय कुमार एवं रंजन कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता ,पुलिस उपाधीक्षक यातायात सद्दाम हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, परि. पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, परिचारी प्रवर, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, ओपी अध्यक्ष एवं शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे । बैठक के दौरान कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी, सभी थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# ऑटो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार) ।** रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 31 सड़क पर ऊंचा निर्मित पुल को पार करने में ऑटो एवं बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोग जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने घटना को देख तुरंत रोशना थाना को जानकारी दी। रोशना थाना को जानकारी मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर भेजा। थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि ऑटो सहित चालक एवं बाइक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अभिनंदन कुमार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल कटिहार रेफर किया। घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि एक ऑटो जोडंगा मोड़ की ऊँची पुलिया के पास पहुँचा। पुलिया की अचानक ऊँचाई देखकर ऑटो चालक ने जोर से ब्रेक मार दिया। पीछे से आ रहे बाइक सवार संभल नहीं पाए और सीधे ऑटो के पीछे जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे में घायल मोहम्मद फिरोज साकिन रसीदपुर गोबरा थाना अहमदाबाद,शेख अताबुल साकिन शाहनगर गौरीपुर थाना रोशना के रूप में पहचान हुई है।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से लौटे विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक परिभ्रमण लगातार जारी है। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर और मध्य विद्यालय बकिया के छात्र-छात्राओं ने परिभ्रमण से लौटने के बाद अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंकर दास के नेतृत्व में विद्यार्थियों को अररिया जिले के कुसियार गांव स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।




इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पार्क में मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों, वनस्पतियों और जैव विविधता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राकृतिक संसाधनों को नजदीक से देखकर विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा साफ दिखाई दे रही थी। प्रधानाध्यापक शंकर दास ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य बच्चों को किताबों की दुनिया से बाहर निकालकर इतिहास,संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं होती। बल्कि वास्तविक जीवन के अनुभव भी विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध बनाते हैं। परिभ्रमण के सफल आयोजन में शिक्षक शुभम सांडिल्य,रोहन राज जितेंद्र कुमार यादव और प्रीति कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय परिवार ने शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परिभ्रमण से लौटे विद्यार्थी अमन कुमार, अंशु कुमारी, राजू कुमार और कोमल कुमारी ने बताया कि इस यात्रा से उन्हें यह सीखने को मिला कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है तथा बाहर जाकर प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के बारे में नई जानकारी प्राप्त होती है।

# छात्र-छात्राओं का दल परिभ्रमण पर कुसियार गांव रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के फूलहरा पंचायत के मध्य विद्यालय गोरगामा के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार निराला की अगुवाई में छात्र - छात्राओं का दल परिभ्रमण पर अररिया जिले के कुसियार गांव स्थित पार्क के लिए रवाना हुए । इस मौके पर प्रधानाध्यापक पंकज कुमार निराला ने बताया कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण में वर्ग 6,7, 8 के नामांकित छात्र - छात्राओं को मध्य विद्यालय गोरगामा में हरी झंडी दिखाकर अररिया जिले के कुसियार गांव रवाना किए ।



इस दौरान छात्र - छात्राओं ने कटिहार के चिल्ड्रन पार्क,समाहरणालय ,विकास भवन, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज,सिरसा कैंप कटिहार, मांपूरण देवी मंदिर, आईपीजी मॉल,सीटी काली मंदिर पूर्णिया का भ्रमण करते हुए कुसियार गांव स्थित पार्क पहुंचे। उन्होंने बताया कि छात्र - छात्राओं को पढ़ाई के साथ शैक्षणिक परिभ्रमण पर जाने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं,छात्र - छात्राएं जो पढ़ाई करते हैं,वे परिभ्रमण में देखते हैं,उन्हें अन्य चीजों की भी शैक्षणिक जानकारियां मिलती हैं,सरकार का यह योजना छात्र - छात्राओं के लिए अति महत्वपूर्ण योजना हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पंकज कुमार निराला, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष जूली देवी, सचिव खुशबू कुमारी, शिक्षक में ओम नारायण यादव, महावीर ऋषि, गुलाम महबूब रब्बानी, पूनम कुमारी एवं विमल सिन्हा आदि इस परिभ्रमण योजना में शामिल रहे ।

# 12 हजार लीटर चुलाई शराब बरामद दो शराब तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में चूलाई शराब बनाने वाले को गिरफ्तार करते हुए करीब 12000 लीटर चूलाई शराब पुलिस ने बरामद किया है। पूर्व सूचना के आलोक में मद्य निषेध विभाग कटिहार तथा आजमनगर पुलिस के द्वारा ज्वाइंट ऑपरेशन के माध्यम से अत्यधिक मात्रा में चूलाई शराब बरामद करने में सफलता हासिल किया है। साथ ही इस ऑपरेशन के बाद शराब निमार्ताओं में हड़कंप मच गया है।



इस ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दो आदिवासी महिला को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बताया जाता है कि कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन ओवर ब्रिज के नीचे 10.800 लीटर विदेशी शराब बरामद कर पुलिस ने एक अज्ञात मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई के बाद भी शराब तस्कर तथा देशी शराब निमार्ता इस तरह के अवैध कार्य जारी रखना प्रशासन के लिए चुनौती भरा है।

# नौ लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज, 27517 रुपए का लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** विद्युत प्रशाखा आबादपुर क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली जलाने वाले व विद्युत की चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए विद्युत अभियंता आफताब आलम अंसारी ने कुल नौ लोगों के विरुद्ध आबादपुर थाने में एफआईआर मंगलवार को दर्ज कराई है। इस संबंध में कनीय अभियंता आफताब ने बताया कि क्षेत्र के कुल नौ लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराते हुए कुल 27517 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।




उन्होंने जानकारी दीं कि हरनारोई पंचायत के हरनारोई ग्राम के अजीजुल हक पर 10383 रुपए, बारिओल ग्राम के दो लोगों सलाउद्दीन पर 2546 रुपए, अलैदा खातून पर 2546 रुपए एवं इसी पंचायत के चरखोरा ग्राम के चार लोगों रुहुल अली पर 2007 रुपए, मनिफा खातून के विरुद्ध 2007 रुपए, दुलाल राय पर 2007 रुपए, दिलगिर पर 2007 रुपए तथा नलसर पंचायत स्थित नयाटोला नलसर की शहनाज परवीन पर 2007 रुपए एवं चापाखोर पंचायत के चापाखोर निवासी सुलेमान के विरुद्ध 2007 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। कनीय अभियंता ने बताया कि उक्त सभी लोगों के पास पहले से भी बिजली बिल का बकाया था। बिजली बिल नहीं जमा करने के चलते उक्त सभी लोगों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद इसके ये सभी लोग मेन एल टी लाईन में अनाधिकृत रूप से तार जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी दल गठित कर उक्त सभी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है। जेई ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की चोरी करने वालों की खैर नहीं है पकडे जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य पार्षद सह राजद नेता के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर मनिहारी के मुख्य पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव के नेतृत्व में उनके मनिहारी स्थित आवासीय परिसर में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार में 500 से अधिक रोजेदारों ने शिरकत की, वहीं विभिन्न समुदायों के बुद्धिजीवी लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अली अशरफ फातमी, कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव सहित महागठबंधन के कई



दिग्गज नेता उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी ने मनिहारी मुख्य पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव द्वारा आयोजित इस इफ्तार पार्टी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है, और इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं। वहीं मनिहारी के मुख्य पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव ने कहा कि माह-ए-रमजान एक पवित्र महीना है और इस अवसर पर आपसी भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से इस दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 500 से अधिक रोजेदार शामिल हुए, साथ ही विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी भाग लेकर सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और समाज के बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे।

## चीनियों से आगे हैं पाकिस्तानी, लेकिन सबसे आगे हिंदुस्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के लोग अच्छी व्यवस्था में हैं और कई बड़ी-बड़ी कंपनियों को संभाल रहे हैं। मीडियन हाउसहोल्ड इनकम के मामले में भारतीय सबसे आगे हैं। उनके मुकाबले चीन और पाकिस्तान बहुत पीछे है। नई दिल्ली : दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी वाले देश अमेरिका को खिसका की ज़मीन कहा जाता है। दुनिया भर से लोग इस देश में बसे हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय मूल के 50 लाख से ज़्यादा लोग अमेरिका में रहते हैं। अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों की कमान



भारतीय मूल के लोगों के हाथ में है। हर क्षेत्र में भारतवंशियों ने अपना झंडा गाड़ा है। यही वजह है कि मीडियन हाउसहोल्ड इनकम के मामले में भारतीय सबसे आगे हैं। अमेरिका में भारतीयों की मीडियन हाउसहोल्ड इनकम 152,341 डॉलर है। यूएस सेंसस ब्यूरो के मुताबिक इस लिस्ट में भारतीयों के बाद ताइवान के खिसका का नंबर है। उनका मीडियन हाउसहोल्ड इनकम 122,951 डॉलर है। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन (116,649 डॉलर), फिलीपींस मूल के लोगों (109,090 डॉलर) और साउथ अफ्रीकन (107,595 डॉलर) का नंबर है। इस लिस्ट में पाकिस्तानी पांचवें नंबर पर हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज पर मॉर्गन स्टेनली का बड़ा दांव, शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस के भंडार के लिए 1,803 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ ओवरवेट रेटिंग को नकल है। इस सोमवार के 1,418 रुपये के बंद भाव से 27.1 प्रतिशत की तेजी की संभावना को खुलता है। मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नतीजों को लेकर अपनी पॉजिटिव नजरिया बनाए रखा है। कंपनी का मानना है कि कंपनी के नतीजों में तेजी की संभावना है, क्योंकि उसके एनर्जी कारोबार के मूल्यांकन में तेजी से कंज्यूमर कारोबार में आ वाली गिरावट के असर को कम किया जा सकता है। सीएनबीसी टीवी-18 की खबर के मुताबिक मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस के नतीजों के लिए 1,803 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ 'ओवरवेट' रेटिंग को गिना है। इस सोमवार के 1,418 रुपये के बंद भाव से 27.1 प्रतिशत की तेजी की संभावना को खुलता है। ग्लोबल उथल-पुथल के बीच रिलायंस को फायदा ब्रोकरेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां दुनिया भर में रिफाइनिंग और एशियन पेट्रोकेमिकल कंपनियों के वैल्यूएशन में बढ़ोतरी हुई है, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी अपनी लोकल कंपटीटर कंपनियों के मुकाबले कम कीमत पर कारोबार कर रही है। ईरान-इजराइल-अमेरिका तनाव के कारण ग्लोबल ट्रेड में आ रही रुकावटों, तेल की कीमतों में उछाल और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव के बीच मॉर्गन स्टेनली का कहना है कि वैश्विक निफ्टी में सप्लाई में कमी और मजबूत मांग के चलते रिफाइनिंग मार्जिन लंबे समय तक ऊंचा बना रहेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने भी मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस को अपनी 'टॉप पिक' बताया था। फर्म का कहना है कि रिलायंस ने अपने 48 साल के इतिहास में हर दशक में अपना रुख बदला है। एनालिस्ट का कहना है कि अगले सात दशकों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उससे जुड़ी एनर्जी सप्लाई और डिजिटल इकोसिस्टम में 110 अरब डॉलर का निवेश कंपनी के लिए कैपिटल इन्वेस्टमेंट की अगली बड़ी शिफ्ट होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज को ट्रैक करने वाले 37 एनालिस्ट में से 35 ने इन्वेस्टमेंट को 'खरीदने' की सलाह दी है, जबकि केवल दो ने 'बेचने' की सिफारिश की है।

# 59 प्रतिशत चढ़ गया तेजस नेटवर्क्स का शेयर, रिकॉर्ड हाई से 80 प्रतिशत से ज्यादा गया था टूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के शेयर मंगलवार को 8 प्रतिशत से ज्यादा के उछाल के साथ 467.50 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले कुछ दिनों में कंपनी के नतीजों ने जबरदस्त वापसी की है। तेजस नेटवर्क्स के शेयर 52 हफ्ते के निचले स्तर से करीब 59 प्रतिशत उछल गए हैं। टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के नतीजों में मंगलवार को तूफानी तेजी आई है। तेजस नेटवर्क्स के शेयर मंगलवार को बीएसई में 8 प्रतिशत से ज्यादा के उछाल के साथ 467.50 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले कुछ दिनों में कंपनी के नतीजों ने जबरदस्त वापसी की है। तएजस नेटवर्क्स के शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर से करीब 59 परसेंट उछल गए हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर 27 जनवरी 2026 को लुढ़कते हुए 294.10 रुपये पर जा पहुंचे थे। कंपनी के शेयर इस लेवल से 59 परसेंट चढ़ गए हैं। तेजस नेटवर्क्स के नतीजों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 914.50 रुपये है। टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स के नतीजों में पिछले कुछ महीनों में बिकवाली



का तगड़ा दबाव देखने को मिला। कंपनी के नतीजों में तेज गिरावट आई। तेजस नेटवर्क्स के शेयर अपने रिकॉर्ड हाई से 80 परसेंट से ज्यादा टूट गए थे। तेजस नेटवर्क्स के नतीजों का ऑल टाइम हाई लेवल 1495.10 रुपये है। कंपनी के शेयर इस लेवल से 80 परसेंट से ज्यादा टूटकर 294.10 रुपये पर जा पहुंचे थे। पिछले एक साल में तेजस नेटवर्क्स के नतीजों में 31 परसेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयर 20 परसेंट के करीब चढ़े हैं।

## जापान की कंपनी से मिला बड़ा हिस्सेदारी

टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स को जापान की दिग्गज कंपनी एनईसी कॉरपोरेशन से एक बड़ा हिस्सेदारी मिला है। तेजस नेटवर्क्स को यह 5जी मैसिव रेडियोज की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई के लिए मिला है। हालांकि, तेजस नेटवर्क्स ने इस एग्रीमेंट की फाइनेंशियल कंडीशन का खुलासा नहीं किया है। इसके अलावा, तेजस नेटवर्क्स ने 3 मार्च को अपने नेक्स्ट जेनरेशन वेवलेंग्थ डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग ऑप्टिकल ट्रांसपोर्टेशन प्रोडक्ट के लॉन्च की घोषणा की है। टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स (तेजस नेटवर्क) के शेयर पिछले 5 साल में 140 परसेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। तेजस नेटवर्क्स के शेयर 12 मार्च 2021 को 193.85 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 10 मार्च 2026 को 467.50 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले 4 साल की बात करें तो कंपनी के नतीजों में 17 परसेंट का उछाल आया है। तेजस नेटवर्क्स का मार्केट कैप मंगलवार 10 मार्च 2026 को 8200 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है।

# घरों की सफाई करके हर महीने 2 करोड़ की कमाई, आइडिया हो गया हिट

### बेंगलुरु स्थित उनका प्रदूषण इसी पर फोकस है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर कोई अपने घर को चमचमाता देखना चाहता है। लेकिन, इसके लिए टाइम दे पाना मुश्किल होता है। कई बार पैसा खर्च करने पर भी नतीजे वैसे नहीं मिलते हैं जो आप चाहते हैं। बीजे अरुण और निशांत प्रसाद ने इसी समस्या का सॉल्यूशन ढूंढा है। बेंगलुरु स्थित उनका प्रदूषण इसी पर फोकस है। इसका नाम 'क्लीन फैनेटिक्स' (क्लीन फैनेटिक्स) है। यह स्वतःटार्टप जर्मन-ग्रेड उपकरणों और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित टीमों के जरिए घरों को पांच-सितारा होटल जैसा सैंपल देता है। लेकिन, अब उसकी सर्विसेज़ दब तक लिमिटेड नहीं हैं। सिर्फ दो सालों में 8 गुना बढ़ने के साथ यह प्रदूषण हर महीने 2 करोड़ की कमाई कर रहा है। आइए, यहां बीजे अरुण और निशांत प्रसाद की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। बीजे अरुण और निशांत प्रसाद ने साल 2024 में अपनी क्लीनिंग वेंचर की नींव रखी थी। इसके पहले ही बीजे अरुण संसेक्स में झंडे गाड़ चुके थे। सिस्को और सोलरविंड्स जैसी कंपनियों को वह अपनी प्रदूषण बेच चुके हैं। वह बेंगलुरु में पले-बढ़े और काफी समय अमेरिका में बनने। बाद में बीजे अरुण ने अपनी होल्डिंग को घरेलू सेवाओं की ओर मोड़ा। फिर पर्याप्त निशांत प्रसाद का साथ मिला। निशांत एनआईटी और आईआईएम से पढ़े हैं। बड़े कॉरपोरेट्स को करोड़ों डॉलर बचाने की सलाह दे चुके हैं। इन दोनों ने मिलकर उद्योग में मौजूद तालमेल और गुणवत्ता की कमी को पहचानते हुए एक प्रीमियम और विश्वसनीय ब्रांड खड़ा करने का फैसला किया। यह कंपनी सिर्फ साधारण सफाई तक लिमिटेड नहीं है। इसके बजाय डीप क्लीनिंग, मार्बल पॉलिशिंग, पेंटिंग, सिविल रेनोवेशन और पेस्ट कंट्रोल जैसी सेवाएं भी देती है। इन सेवाओं के लिए किसी थर्ड पार्टी के वेंडरों को नियुक्त करने



के बजाय कंपनी अपने हर टेक्निकल यूनिट को इन-हाउस ट्रेनिंग देती है ताकि 'मिलिट्री-ग्रेड' स्टैंडर्ड्स को बनाए रखा जा सके। इसी तरह बढ़ने के कारण कंपनी आज हर महीने 2,500 से ज्यादा घरों को सर्विसेज दे रही है। क्लीन फैनेटिक्स ने अपनी सफलता के लिए आधुनिक टेक्निकल्स का सहारा लिया है। बुकिंग से लेकर रियल-टाइम क्रू ट्रैकिंग और एलिमेंट-बेड शेड्यूलिंग तक इसका बैकएंड ऑपरेशन बहुत एडवांस है। इस टेक्निकल एडवांस और कस्टमर्स की संतुष्टि ने इंजीनियरों का ध्यान खींचा। नतीजतन, कंपनी ने इन्फ्लेक्शन पॉइंट वेंचर्स के नेतृत्व में 17 करोड़ रुपये का सीड फंड जुटाया है। वर्तमान में कंपनी 2 करोड़ रुपये महीने का रेवेन्यू पॉइंट दर्ज कर रही है। इसमें 40 प्रतिशत हिस्सा पुराने कस्टमर्स के रेफरल्स से आता है।

### आनंद महिंद्रा ने की तारीफ

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच दुबई में फंसे भारतीयों के लिए 'मसीहा' बन कर उभरे नागौर के धीरज जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमिरात (यूएई) के रियल एस्टेट सेक्टर में काम करने वाले भारतीय कारोबारी संकट के समय अपने हमवतनों की खूब सेवा कर रहे हैं। तभी तो मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी उनकी तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भारतीय मूल के कारोबारी धीरज जैन की तरीफ करते हुए लिखा है कि उन्होंने 'अतिथि देवो भव' भारतीय दर्शन को साकार कर दिखाया। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'जब हाल ही में खाड़ी देशों की फ्लाइट्स थम गई और कई भारतीय परिवार दुबई में फंसे हुए रह गए, धीरज जैन ने अपने फार्महाउस के दरवाजे खोल दिए और उनका स्वागत किया। यह एक अद्भुत याद दिलाने वाला है कि भारतीय दर्शन का 'अतिथि देवो भव' हमें जहां भी जाएं, अपने साथ रखना चाहिए। कभी-कभी बस एक व्यक्ति का दरवाजा खोलना ही पर्याप्त होता है... लोगों का एक-दूसरे में विश्वास बहाल करने के लिए। सोशल मीडिया पर शेयर की गई जानकारी के अनुसार धीरज जैन मूल रूप से राजस्थान के नागौर जिले में मेड़ता सिटी के रहने वाले हैं। वह पिछले 11 वर्षों से यूएई में एक सफल रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में स्थापित हैं। महिंद्रा के पोस्ट के मुताबिक उन्होंने संकट में फंसे भारतीयों के लिए अपने फार्म हाउस के दरवाजे खोल दिए हैं। वीडियो में धीरज बता रहे हैं कि युद्ध की स्थिति के कारण अचानक फ्लाइट्स और होटल बुकिंग्स कैंसल होने लगीं। कई भारतीय पर्यटक वहां सीमित बजट के साथ वहां गए थे। अचानक आए इस संकट ने उनके सामने रहने और खाने-पीने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई थी। तब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना नंबर जारी कर कहा- 'घबराएं नहीं, मैं हूं ना' उन्होंने मैसेज दिया कि जिस भी भारतीय के पास रुकने का ठिकाना नहीं है, वे बेझिझक उनके अजमान स्थित फार्महाउस पर ठहर सकते हैं। बताया जाता है कि धीरज जैन



सिर्फ ठहरने की जगह देकर ही नहीं रुके, बल्कि उन्होंने देखा कि कई लोगों के पास उनके फार्म हाउस तक पहुंचने के लिए साधन भी नहीं हैं। उन्होंने तुरंत अपनी 11 गाड़ियां दुबई और आसपास के शहरों में भेजीं और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित अपने फार्म हाउस पर पहुंचाया। वीडियों में वह कहते दिखते हैं कि फिलहाल उनके फार्महाउस पर करीब 75 लोग हैं। एक समय तो वहां करीब पौने तीन सौ भारतीय भारतीय ठहरे हुए थे।

# चार डिफेंस शेयरों को पोर्टफोलियो में शामिल करने की सलाह दे रहे हैं एक्सपर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ साल डिफेंस कंपनियों के लिए शानदार रहे हैं। शेयर बाजार में डिफेंस स्टॉक्स में अभूतपूर्व तेजी देखने को मिली है। ईरान-युजरायल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध की वजह से एक बार फिर से डिफेंस कंपनियों के शेयरों की डिमांड बढ़ गई है। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल ने चार डिफेंस कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। आइए जानते हैं वो 4 कंपनियां कौन सी हैं उनका टारगेट प्राइस क्या है

सीएनबीसी टीवी18 की रिपोर्ट के अनुसार मोतीलाल ओसवाल ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से 520 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया गया है। बीईएल के शेयरों की कीमतों में एक साल में 65




प्रतिशत की तेजी आई है। 5 साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 881 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कंपनी ने तेजस एमके-1ए की डिलीवरी शुरू कर दी है। इस कंपनी के पास ध्रुव-एनजी, एलएस एमके का भी ऑर्डर है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से एचएएल के लिए 5500 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 1 साल में 15 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। वहीं, 5 साल में इस कंपनी ने निवेशकों को 649 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस कंपनी का लक्ष्य अगले 18 महीने में 20000 करोड़ रुपये का ऑर्डर पाना है। ब्रोकरेज हाउस ने 1800 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि मौजूदा शेयरों के स्तर से 35 प्रतिशत अधिक है। 1 साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 17 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। वहीं, 5 साल में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 629 प्रतिशत की तेजी आई है। ब्रोकरेज हाउस ने 1150 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि मौजूदा स्तर से 15 प्रतिशत अधिक है। पिछले एक साल में इस डिफेंस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 54 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 5 साल में अस्त्र माइक्रोवेव के शेयरों का भाव 593 प्रतिशत बढ़ा है।

## 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल, युद्ध खत्म करने के रेट में भारी गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेट में भारी गिरावट, ईरान में युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा। ब्रेंट क्रूड 91.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 85.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेट में भारी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड 91.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड की कीमत में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 85.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। यह गिरावट सोमवार को हुई उतार-चढ़ाव भरे ट्रेजरी सत्र के बाद आई है, जब तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दायरा महामारी के दौरान कीमतों के नेगेटिव होने के बाद सबसे ज्यादा था। बता दें मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट्स को हिलाकर रख दिया है और मुद्रास्फीति संकट को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार फ्लोरिडा में एक संवाददाता सम्मेलन में सिकुड़ ने कहा कि वह तेल से संबंधित प्रतिबंधों में छूट देने और हॉर्मुज स्ट्रेट्स से टैंकरों को एस्कॉर्ट करने के लिए अमेरिकी नौसेना को तैनात करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस संकट की वजह से कीमतें कृत्रिम रूप से बढ़ गई थीं,' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह संघर्ष इस सप्ताह के अंत तक खत्म होगा।

# यूरिया पर संकट के बादल: ईरान-इजरायल युद्ध का सीधा असर, उत्पादन 60 प्रतिशत पर सिमटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका की सैन्य कार्रवाई ने भारत के उर्वरक क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव डाला है। गैस की आपूर्ति में भारी कमी के चलते देश के अधिकांश यूरिया प्लांट अपनी क्षमता का महज 60 प्रतिशत ही उत्पादन कर पा रहे हैं। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका की सैन्य कार्रवाई ने भारत के उर्वरक क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव डाला है। खाड़ी क्षेत्र में बिगड़ते हालात के कारण भारत को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे देश का यूरिया उत्पादन अदन 60 प्रतिशत पर आ गया है। ग्रामीण आवाज ने उद्योग प्रतिष्ठानों के काउंटरटॉप से बताया है कि गैस की आपूर्ति में भारी कमी के चलते देश के ज्यादातर यूरिया प्लांट अपनी क्षमता का महज 60 प्रतिशत ही उत्पादन कर पा रहे हैं। केवल दक्षिण भारत में स्थित कुछ प्लांट ही पूरी क्षमता से चल रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए कई कंपनियां अप्रैल में होने वाले अपने सालाना रखरखाव यानी शटडाउन को एक सप्ताह पहले करने की योजना बना रही हैं, ताकि गैस की कमी से उत्पन्न दबाव को कम किया जा सके। ईरान द्वारा किए गए हमलों



के जवाब में कतर, यूएई, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब ने अपने कई गैस प्लांटों को बंद कर दिया है। इसके अलावा, होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री इलाकों से इन देशों से तेल और गैस की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। भारत अपनी गैस इकाइयों का करीब 50 प्रतिशत आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा लेबनान खाड़ी देशों से आता है। गैस और यूरिया की कीमतों में उछाल रूरलवॉयस की खबर के हिसाब से संकट के कारण वैश्विक बाजार में गैस की कीमतें 20 डॉलर प्रति मीट्रिक टन बी.टी.यू. के पार पहुंच गई हैं, जो भारतीय प्लांट्स को गेल के जरिए मिलने वाली पूल्ड कीमत (13.63 डॉलर) से कहीं ज्यादा है। इसका सीधा असर यूरिया की कीमतों पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया के दाम पिछले एक महीने में 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 600 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गए हैं, जो फरवरी में लगभग 475 डॉलर प्रति टन था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अगर देश में खाद्य पदार्थों का स्टॉक पिछले साल की तुलना में बेहतर स्थिति में है...

क यूरियाः फरवरी 2026 के अंत में स्टॉक 55 लाख टन (पिछले साल 49 लाख टन) फरवरी 2026 के अंत में स्टॉक 25 लाख टन (पिछले साल 13 लाख टन) हालांकि, उद्योग जगत का दबाव है कि अगर यह युद्ध मार्च के अंत तक जारी रहता है और खाड़ी देशों में बंद पौधों को चालू होने में एक महीने का समय लगता है, तो आने वाले समय में यूरिया और अन्य खाद्य पदार्थों की भारी किल्लत हो सकती है।

आयात पर भारत की निर्भरता लगभग 100 प्रतिशत है। युद्ध शुरू होने से पहले ही डीएपी की कीमत 65 डॉलर प्रति टन बढ़कर 740 डॉलर पर पहुंच गई थी। रूस को छोड़कर डीएपी आयात के और कोई विकल्प नजर नहीं आ रहे हैं। युद्ध के लंबे खिंचावने से एलएनजी, अमोनिया, सल्फर और फॉस्फेटिक खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पर भी गहरा संकट मंदरा रहा है। भारत के पास ओमान से यूरिया आयात का विकल्प है, जहां इफको और कृभको का संयुक्त उद्यम संचालित है। हालांकि, उद्योग प्रतिष्ठानों का कहना है कि अकेले ओमान से आयात भारत की फसलों को पूरा नहीं कर सकता। ऐसे में सरकार को वैकल्पिक स्रोतों की तलाश और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

## एलपीजी पेट्रोल-डीजल से लेकर महंगाई तक, क्रूड ऑयल ने लिया -टर्न, लोगों ने ली राहत की सांस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ दिनों से कच्चे तेल की कीमतों में मानों सी लग गई हो। क्रूड ऑयल का भाव लगातार बढ़ रहा था। लेकिन एक बार फिर से क्रूड ऑयल ने यूटर्न लिया है। जिसकी वजह से दाम 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया है। भारत के नजरिए से देखें तो इस हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। बता दें, सोमवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर का रेट 119.50 डॉलर प्रति बैरल था। सोमवार को उच्चतम स्तर की तुलना में ब्रेंट क्रूड ऑयल का रेट 26.27 प्रतिशत गिर चुका है। आज मंगलवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल 88.10 डॉलर प्रति बैरल बिक रहा है। एक महीना पहले यह 70 डॉलर प्रति बैरल के नीचे था। यानी एक बार फिर से कीमतें सामान्य हो रही हैं। ईरान-अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध जल्द समाप्त हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्लादिमीर पुतिन बीच फोन पर बातचीत हुई है। दोनों नेता इस युद्ध को समाप्त करने को लेकर एक पक्ष में दिखे। सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है। बता दें, पहले उम्मीद की जा रही थी कि यह युद्ध 4 हफ्तों तक जारी रहेगा। अगर ऐसा होता है तब की स्थिति में कच्चे तेल को लेकर पूरी दुनिया में अफरतफरी मच सकती है। अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता प्रभावित हुआ है। जिसके बाद लगभग सभी मिडिल ईस्ट के देशों ने ऑयल प्रोडक्शन में कटौती थी। ईराक का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत की कटौती के बाद 1.3 मिलियन प्रति



बैरल के स्तर पर आ गया। वहीं, कुवैत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने भी प्रोडक्शन में कटौती की है। नजरिए से राहत भरी खबर होगी। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। उसमें से भी बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आता है। ऐसे में अगर स्थिति सामान्य होती है तब भारत को सस्ता और समय से कच्चा तेल उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा एलएनजी की भी आपूर्ति हो सकेगी। एक तरफ जहां भारत का पैसा बचेगा। तो वहीं दूसरी तरफ पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के लिए लोगों में जो बेचैनी है उससे भी मुक्ति मिलेगी।



# ताहिर राज भसीन ने पूरी की अपनी आगामी अनाम फिल्म की शूटिंग

अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है।

## दिखाई शूटिंग की झलक

ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं।

## सभी का जताया आभार

तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से अधिकऊर्जावान क्रू, असिस्टेंट्स और शानदार सह-कलाकारों का इस मस्ती और शानदार सफर के लिए धन्यवाद।'

## अभी सामने नहीं आया फिल्म का नाम

हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। न ही फिल्म की कहानी के बारे में कोई अधिक जानकारी सामने आई है। तस्वीरों में दिखी झलक से पता चलता है कि इस फिल्म में ताहिर राज भसीन के साथ सैयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह विक्रम फडनिस की हिंदी फिल्म निर्देशक के रूप में पहली फिल्म है।



# तापसी पन्नू ने विद्या बालन को बताया अपना 'हीरो'

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा, ''विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने 'द डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं।''

दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जिनमें कहानी का पूरा भार उनके किरदार पर टिका होता है। 'नो वन किल्ड जेसिका', 'तुम्हारी सुलु' और 'शेरनी' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और अभिनय के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी फिल्मों ने साबित किया कि बॉलीवुड में सिर्फ बड़े हीरो ही नहीं, बल्कि अच्छी कहानी और दमदार अभिनय भी फिल्म को सफल बना सकते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि तापसी पन्नू और विद्या बालन एक साथ काम कर चुकी हैं। दोनों कलाकारों ने साल 2019 की चर्चित फिल्म 'मिशन मंगल' में एक साथ अभिनय किया था। इस फिल्म की कहानी भारत के ऐतिहासिक मार्स ऑर्बिटर मिशन से प्रेरित थी और इसमें वैज्ञानिकों की उस टीम को दिखाया गया था, जिसने इस मिशन को सफल बनाया। फिल्म में तापसी और विद्या दोनों ने वैज्ञानिकों का किरदार निभाया था।



# कियारा आडवाणी नहीं होगी 'मधुबाला' की बायोपिक का हिस्सा



भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला की बायोपिक काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई है। बीच में ऐसी चर्चाएं थीं कि कियारा आडवाणी इस बायोपिक में मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। जबकि संजय लीला भंसाली इस फिल्म का निर्माण करेंगे। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि कियारा इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। इंडस्ट्री से जुड़े एक अदरूनी सूत्र ने इस खबर को खारिज किया है। सूत्र ने बताया कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी के अभिनय की खबरों में कतई सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह निराधार और अटकलबाजी पर आधारित हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन करेंगी। जसमीत ने आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा स्टारर ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डार्लिंग्स' का भी निर्देशन किया था।

# फिल्मों में बढ़ते खून-खराबे के ट्रेंड पर नाराज हुई करीना कपूर खान

**करीना कपूर ने बॉलीवुड फिल्मों में बदलते ट्रेंड को लेकर अपनी राय रखी है और आजकल की फिल्मों के कॉन्सेप्ट पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि कैसे आज की फिल्में पुरानी के मुकाबले काफी अलग हैं।**

## खून-खराबे के ट्रेंड पर जाहिर की चिंता

करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्मों में बढ़ती हिंसा और खून-खराबे के ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आजकल की कई फिल्मों में पहले जैसी मस्ती, रंग, गाने और रोमांस की कमी महसूस होती है। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में करीना ने कहा कि मौजूदा समय में कई फिल्में ज्यादा 'क्राइम और खून' पर ज्यादा फोकस करती हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की फिल्मों में पहले जैसा मनोरंजन, एनर्जी, रंग और रोमांस देखने को कम मिलता है, जो कभी बॉलीवुड की पहचान हुआ करता था। करीना ने यह भी माना कि सिनेमा में बढ़ती 'हाइपर-मस्कुलिनिटी' यानी अत्यधिक मर्दानगी दिखाने का चलन उन्हें थोड़ा डराता है। उनका मानना है कि फिल्में सिर्फ एक्शन और हिंसा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें प्यार, म्यूजिक और भावनाएं भी उतनी ही जरूरी हैं।
वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।





# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज?

**एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है।**

## एंगेज्ड सीजन 2 के नए एपिसोड का है वीडियो

दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।' दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा।

## जिया ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में की थी बात

इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।



## लॉफ्टर शेफ 3 में नजर आ रहे एल्विश

एल्विश यादव इन दिनों रियलिटी शो 'लॉफ्टर शेफ' के तीसरे सीजन में नजर आ रहे हैं। इस बार उनकी जोड़ी फिर से करण कुंद्रा के साथ बनी हुई है। दोनों को शो में काफी पसंद किया जा रहा है।



# तलाक और तृषा के साथ अफेयर की चर्चाओं पर विजय ने तोड़ी चुप्पी

एक्टर और राजनेता थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। वजह है उनकी पर्सनल जिंदगी। विजय की पत्नी ने संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए अर्जी डाली है। उन्होंने विजय के एक अभिनेत्री से अफेयर की बात कही है। इसके बाद विजय का नाम एक्ट्रेस तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। इस बीच हाल ही में विजय तृषा के साथ एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वहीं विजय की फिल्म 'जन नायकन' को लेकर भी विवाद अभी तक थमा नहीं है। इस बीच अब विजय ने अपने आसपास की हाल ही की समस्याओं पर बात की है।

ये मुद्दे आपके परेशान होने के लिए नहीं हैं

अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने थलापति विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वीडियो चेन्नई में उनकी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) के महिला दिवस कार्यक्रम का है। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विजय ने अपनी हालिया समस्याओं को लेकर बात की। वीडियो में विजय अपने प्रशंसकों से अपील करते हुए दिख रहे हैं कि वे उनकी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त न हों। उन्होंने कहा, 'कृपया मेरे आसपास की हाल की समस्याओं के बारे में चिंता न करें। ये मुद्दे आपके समय के लायक नहीं हैं। मैं इन्हें खुद संभाल लूंगा। मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है, जब आप मेरी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त होते हैं। कृपया मेरे लिए यह बोझ न उठाएं। इसके बजाय, लोगों के कल्याण पर ध्यान दें।'

## पत्नी ने दायर की विजय से तलाक की याचिका

विजय की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई हैं, जब उनका निजी जीवन ऑनलाइन और मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ समय पहले ही उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए याचिका दायर की थी। विजय और संगीता का विवाह अगस्त 1999 में हुआ था और उनके दो बच्चे हैं - जेसन संजय और दिव्या शशा। पत्नी ने याचिका में आरोप लगाया गया है कि विजय का एक महिला अभिनेत्री के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। याचिका के अनुसार, संगीता को इस कथित संबंध के बारे में 2021 में पता चला। संगीता ने बाद में निवास सुरक्षा और आर्थिक सहायता के लिए एक और याचिका दायर की।

## तृषा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विजय

पत्नी के आरोपों के बाद विजय का नाम तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। तृषा और विजय का नाम इससे पहले भी जोड़ा गया था। हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया, लेकिन तृषा ने अभी तक शादी नहीं की है। ऐसे में जब पत्नी ने ये आरोप लगाए, तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर तृषा का नाम विजय के साथ जोड़ा जाने लगा। इन आरोपों के बीच विजय तृषा के साथ फिल्म निर्माता कलपथी सुरेश और मीनाक्षी के बेटे के विवाह समारोह में पहुंचे। विजय और तृषा एक ही कार में समारोह में पहुंचे और साथ ही वहां से जाते हुए भी देखे गए। इसके बाद संगीता ने एक नई याचिका भी दायर की है।



# बीसीसीआई देगा टीम इंडिया को 131 करोड़ का इनाम

## खिलाड़ियों, स्टाफ और सिलेक्टर्स को बधाई देकर कहा शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। भारत ने रविवार को खिताब अपने नाम किया था।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।



**भारतीय टीम को 27.5 करोड़ प्राइज मनी मिली–** रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली। वहीं, रनर-अप न्यूजीलैंड को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 14.7 करोड़ रुपए) दिए गए। हालांकि, इस बार आईसीसी ने प्राइज मनी की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, जबकि आमतौर पर हर टूर्नामेंट में इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारतीय टीम 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी–20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी–20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी–20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी–20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो–दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

# कुलदीप यादव वंशिका संग मसूरी में 7 फेरे लेंगे

● 14 मार्च को शादी, 17 को लखनऊ में रिसेप्शन, सीएम योगी को दिया न्योता

**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। दोनों 14 मार्च को उत्तराखंड के मसूरी में सात फेरे लेंगे। तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होगी। इस बीच, सोमवार को कुलदीप के



पिता राम सिंह यादव ने लखनऊ में सीएम योगी को शादी का न्योता दिया। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी, जिसमें क्रिकेटर रिंकू सिंह, प्रिया सरोज समेत कई करीबी लोग शामिल हुए थे। पहले दोनों शादी नवंबर 2025 में तय हुई थी, लेकिन टी–20 विश्व कप की तैयारियों की वजह से तारीख आगे बढ़ा दी गई। अब विश्व कप चैंपियन बनने के बाद कुलदीप नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। कुलदीप के कोच और पारिवारिक मित्र कपिल देव पांडेय ने बताया–शादी की रस्में 13 मार्च से शुरू होंगी। इस दिन हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम होगा। शादी के बाद लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन दिया जाएगा। इसमें जाने–माने क्रिकेटर्स, बॉलीवुड की नामचीन हस्तियां और यूपी के दिग्गज राजनेता शामिल होंगे।

**टी–20 वर्ल्ड चैंपियन टीम का हिस्सा थे कुलदीप–** कुलदीप टी–20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में कुलदीप ने सिर्फ एक मुकाबला खेला, जो पाकिस्तान के खिलाफ था। मैच में कुलदीप ने 14 रन देकर एक विकेट लिया था। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर भारत के लिए अब तक 191 मैच खेले हैं। उन्होंने 22.50 के एवरेज और 4.84 की इकोनॉमी रेट से 365 विकेट झटके हैं। 31 साल के कुलदीप ने 9 मौकों पर पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं।

# गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने

● दो साल का कॉन्ट्रैक्ट, पूर्व साउथ अफ्रीकी ने भारत को 2011 वर्ल्ड कप दिलाया था

**कोलंबो (एजेंसी)।** पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**जयसूर्या की जगह लेंगे–** कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में खत्म हुए टी–20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर–8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।



**2027 वनडे वर्ल्ड कप तक साथ रहेंगे–** श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी।

**टी–20 वर्ल्ड कप में नामीबिया के कोच थे–** गैरी कर्स्टन इससे पहले टी–20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं।

**2011 वनडे वर्ल्ड कप जीता था–** कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर–1 बना था। इसके बाद उन्होंने दो साल तक साउथ अफ्रीका की टीम को भी कोचिंग दी। 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने गैरी कर्स्टन को कंधे पर उठाकर विक्ट्री लैप लगाई थी।

**पाकिस्तानी कोच का पद बीच में छोड़ा–** कर्स्टन अप्रैल 2024 में पाकिस्तान टीम के व्हाइट बॉल कोच भी बने थे, लेकिन बोर्ड और खिलाड़ियों के साथ मतभेद के कारण उन्होंने बीच में ही पद छोड़ दिया था।

# पांच ईरानी फुटबॉल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने शरण दी

## राष्ट्रीय गान विवाद के बाद लौटने से इनकार किया, एशियन कप खेलने गई थीं खिलाड़ी

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** एशियन कप से बाहर होने के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय वीजा देकर अपने देश में रहने की इजाजत दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क ने बताया कि इन खिलाड़ियों को पुलिस ने सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है। दरअसल, पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से पहले ईरान की टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था। इसके बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की आलोचना की और उन्हें सख्त सजा देने की मांग भी की। इसी वजह से खिलाड़ियों ने शरण मांगी थी।।

टीम में कुल 26 खिलाड़ी और स्टाफ मौजूद थे, लेकिन फिलहाल सिर्फ पांच खिलाड़ियों ने ही शरण मांगी थी। बाकी खिलाड़ी अभी अपने फैसले पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उनके परिवार ईरान में रहते हैं और उन्हें उनके खिलाफ कार्रवाई का डर है।



### मंत्री टोनी बर्क ने जानकारी दी

वहां उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क से हुई और उनके मानवीय वीजा की प्रक्रिया पूरी हो गई। यह जानकारी मंत्री ने कुछ घंटों बाद ब्रिस्बेन में पत्रकारों को ही। बर्क ने कहा, मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि यह निर्णय प्रत्येक महिला के लिए कितना कठिन रहा होगा, लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की कि इन पांच खिलाड़ियों को मानवीय वीजा दे दिया गया है। इस वीजा के तहत वे ऑस्ट्रेलिया में रह सकती हैं, काम कर सकती हैं और पढ़ाई भी कर सकती हैं। इसी मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा था कि अगर जरूरत पड़े तो अमेरिका भी इन खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार है।

### खिलाड़ियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

ऑस्ट्रेलिया में ईरानी टीम को लेकर व्यापक अटकलें लगाई गई और खबरें भी खूब छपीं जब खिलाड़ियों ने अपने पहले मैच से पहले ईरानी राष्ट्रगान नहीं गाया। मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस अधिकारियों ने गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया के एक होटल से पांच महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# वर्ल्ड कप जीत का जश्न

## मुंबई की सड़कों पर 11 या 12 मार्च निकल सकता है टीम इंडिया की विक्ट्री परेड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की ऐतिहासिक टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीत के बाद अब क्रिकेट फैंस को टीम इंडिया की भव्य विक्ट्री परेड का इंतजार है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार चैंपियन टीम के लिए जल्द ही शानदार रोड शो आयोजित किया जा सकता है।

**दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की संभावना–** खबरों के मुताबिक भारतीय टीम सबसे पहले नई दिल्ली पहुंच सकती है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व विजेता खिलाड़ियों की मेजबानी करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। इस दौरान खिलाड़ी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ फोटो भी खिंचवाएंगे। दिल्ली में औपचारिक कार्यक्रम के बाद जश्न का असली रंग मुंबई में देखने को मिल सकता है।




● **मरीन ड्राइव पर निकल सकता है भव्य रोड शो–** मुंबई में आयोजित होने वाली यह विक्ट्री परेड 2007 और 2024 की ऐतिहासिक जीत की यादें ताजा कर सकती है। संभावना है कि नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक ओपन–बस में खिलाड़ियों का रोड शो निकाला जाएगा। पिछली बार की तरह मरीन ड्राइव पर लाखों फैंस के उमड़ने की उम्मीद है। भीड़ को देखते हुए मुंबई पुलिस और प्रशासन इस बार विशेष सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट प्लान तैयार कर रहे हैं ताकि फैंस सुरक्षित तरीके से जश्न मना सकें।

● **वानखेड़े स्टेडियम में होगा भव्य सम्मान समारोह–** विक्ट्री परेड का समापन वानखेड़े स्टेडियम में होने की संभावना है, जहां टीम इंडिया के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा सकता है।

### कब हो सकती है विक्ट्री परेड?

सूत्रों के अनुसार टीम इंडिया की विक्ट्री परेड 11 या 12 मार्च के आसपास आयोजित हो सकती है। खिलाड़ी फिलहाल अपने परिवारों के साथ समय बिता रहे हैं, जिसके बाद यह राष्ट्रीय जश्न आयोजित किया जा सकता है।

● रिंकू सिंह ने पिता के लिए इमोशनल पोस्ट किया

# लिखा- आपने सिखाया था फर्ज सबसे आगे, उसे पूरा करने की कोशिश की

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह के लिए इमोशनल पोस्ट किया है। भारत ने रविवार को फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब जीता। यह मैच अहमदाबाद में खेला गया था। 27 फरवरी को रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया था। वह लंबे समय से स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझ रहे थे।

**काश आप पास होते–** रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे की जिंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी



जरूरत पड़ेगी। उन्होंने आगे लिखा, आपने ही सिखाया था कि फर्ज सबसे आगे है, तो मैदान पर सिर्फ आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। आपका सपना पूरा हो गया है, काश आप पास होते।

**रिंकू वर्ल्ड कप के दौरान मिलने भी गए थे–** रिंकू के पिता खांचंद सिंह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। यह चौथे स्टेज का कैंसर था। पिछले महीने उनकी हालत बहुत खराब हो गई। रिंकू वर्ल्ड कप के दौरान पिता से मिलने घर भी गए थे।

# हॉल ऑफ फेम में शामिल दिग्गज कोच के लीडरशिप मंत्र

## अमेरिका के फुटबॉल कोच मैक ब्राउन 50 साल तक कोच रहे, बोले- टीम जीत रही हो तो लगाम कसें, टूटने पर सहारा दें



**टेक्सास (एजेंसी)।** अमेरिका के दिग्गज कोच मैक ब्राउन को खेल जगत के सबसे सफल और सम्मानित कोचों में गिना जाता है। 50 साल के कोचिंग करियर में उन्होंने 288 मैच जीते। वे 2005 में टेक्सास यूनिवर्सिटी को नेशनल चैम्पियन बनाने वाले कोच रहे और हॉल ऑफ फेम में भी शामिल हैं। उनकी सफलता केवल स्कोरबोर्ड तक सीमित नहीं रही। कोचिंग अनुभव के आधार पर ब्राउन ने लीडरशिप से जुड़े चार सबक बताए, जो मैदान से लेकर कॉर्पोरेट ऑफिस तक हर लीडर के काम के हैं।लीडर की असली जिम्मेदारी टीम को यह बताना कि वे जीत सकते हैं।

1984 में अपनी टीम के खराब खेलने पर उन्होंने खिलाड़ियों को फटकारा था। टीम वह मैच हार गई। तब दिग्गज कोच बैरी स्विट्जर ने कहा था कि तुमने टीम से कहा कि वे हार जाएंगे और वे हार गए। ब्राउन कहते हैं, 'जब टीम ऊंचाइयों पर हो और आत्ममुग्ध हो रही हो, तब उन पर दबाव डालें।



# टीम ऑफ द टूर्नामेंट में संजू-बुमराह समेत 4 भारतीय

## साउथ अफ्रीका के मार्करम कप्तान, पाकिस्तान के फरहान और वेस्टइंडीज के होल्डर भी शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया है। चैंपियन बनी भारतीय टीम के चार खिलाड़ी इस टीम में शामिल किए गए हैं। इनमें संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह का नाम है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को टीम का ओपनर बनाया गया है। इस टीम की कप्तानी साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाले एडेन मार्करम को दी गई है। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं।

### संजू प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

टीम में संजू सैमसन का ओपनर और बतौर विकेटकीपर नाम हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने पांच पारियों में 321 रन बनाए। वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की पारी खेली, जो टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

● **3 अर्धशतक बनाने वाले ईशान भी टीम में–** ईशान किशन ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 317 रन बनाए और 193.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी। पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी और फाइनल में अर्धशतक उनकी अहम पारियों में शामिल रही।

● **हार्दिक–जसप्रीत को भी जगह–** हार्दिक पांड्या को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए टीम में जगह मिली। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए और पूरे टूर्नामेंट में 9 विकेट भी लिए। वहीं जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैच में 14 विकेट लिए। फाइनल में उन्होंने 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

● **साउथ अफ्रीका–इंग्लैंड के 2–2 प्लेयर्स–** टीम में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान भी शामिल हैं, जो 383 रन के साथ टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को भी टीम में जगह मिली है।

# मैथ्यू हेडन गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने

● ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर 2026 सीजन के लिए टीम से जुड़े, मैथ्यू वेड के बाहर होने की संभावना



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस ने अपनी कोचिंग टीम में बदलाव किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन को टीम का नया बैटिंग कोच नियुक्त किया। हेडन दो बार के वनडे वर्ल्ड कप विजेता हैं और अपने जमाने के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में गिने जाते रहे हैं। गुजरात टाइटंस ने सोशल मीडिया के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। हेडन की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब टीम अपनी बैटिंग यूनिट को नए सिरे से तैयार करने की कोशिश कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में मुंडका अंडरपास के गड्ढे बन रहे जानलेवा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में मुंडका अंडरपास के नजदीक सड़क पर गड्ढे हादसों का कारण बन रहा है। फ्रेंड्स इन्क्लेव चौक



पर सवारी लेकर जा रहा रिक्शा अचानक से पलट गया। हादसे में सवारियों को मामूली चोटें आईं। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि यहां सड़क मार्ग पर लंबे समय से गड्ढे व जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिसकी शिकायत नरेला जोन के अधिशासी अभियंता मेंटेनेंस-2 को कई बार की जा चुकी है। लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इससे पहले नरेला जोन के उपायुक्त समस्या से अवगत कराया जा चुका है। इसके अलावा समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया गया है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जिसकी वजह से सड़क मार्ग पर दुर्घटना होती ही रहती है। मेरी दिल्ली नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त से अनुरोध है कि इस समस्या पर संज्ञान लें। ताकि क्षेत्रीय जनता सहित तमाम लोग सुगम व सुरक्षित रास्ता तय कर सके।

### ईडी की अपील पर दिल्ली हाई कोर्ट 20 अप्रैल को करेगा सुनवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करने के राउज एवेन्यू की विशेष अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट 20 अप्रैल को सुनवाई करेगा। वहीं, सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश हुए एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट से मामले में छोटी तारीख देने का अनुरोध किया। जांच एजेंसी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सुनवाई को 20 अप्रैल के लिए तय कर दिया। 22 दिसंबर को हाई कोर्ट ने सोनिया-राहुल गांधी सहित अन्य आरोपितों को मुख्य याचिका के साथ 16 16 दिसंबर 2025 के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली जांच एजेंसी के आवेदन पर भी जवाब मांगा था। ट्रायल कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मामले में एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानून के हिसाब से गलत है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं है। ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। मामले में राहुल-सोनिया के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडियन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है।

### दिल्ली में सस्ते फ्लैट खरीदने का शानदार मौका, डीडीए इसी सप्ताह निकालेगा ड्रा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जनता आवास योजना के तहत कुल 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का ड्रा इसी सप्ताह निकालेगा। डीडीए की इस किफायती आवास योजना के लिए सैकड़ों खरीदारों ने आवेदन किए हैं। डीडीए की ओर से इन फ्लैटों का आवंटन 13 मार्च से कंप्यूटर आधारित ड्रा के जरिए किया जाएगा। योजना के तहत द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास 82 और चांदन होला गांव में 62 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गए हैं।

### दिल्ली में बेकाबू क्लस्टर बस ने स्कूटी और बाइक सवार को रौंदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली में निहाल विहार थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह नजफगढ़-नांगलोई रोड पर तेज रफ्तार क्लस्टर बस बेकाबू होकर कई वाहनों को टक्कर मारती चली गई। करीब सुबह 9 :45 बजे हुए इस हादसे में बस पीछे से स्कूटी, मोटरसाइकिल को टक्कर मार रौंदते हुए आगे निकल गई। इस बीच एक पैडल रिक्शा और कुछ राहगीर भी इसकी चपेट में आ गए। कई टक्कर के बाद बस की रफ्तार कम हुई, जिसके बाद चालक ने ब्रेक लगाकर बस रोका। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई वहीं दो घायल हो गए।

# मानसून का जलभराव अभी से उड़ा रहा पीडब्ल्यूडी की नींद

## लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने अधिकारियों को अभी से नालों की सफाई के लिए निर्देश दिए हैं। विभाग प्रमुख ने उन एजेंसियों को अभी से नालों की सफाई की तैयारी करने के लिए कहा गया है, जिन्हें पिछले साल दो साल के लिए नालों की सफाई का काम दिया गया है। गत दिनों विभाग प्रमुख स्तरर पर हुई बैठक में सरकार की उस चेतावनी को भी अधिकारियों को अवगत कराया गया है, जिसमें लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि नालों की सफाई से पहले उनकी मरम्मत के लिए काम शुरू किया जा रहा है, कहा कि कुछ स्थानों पर बड़े स्तर पर काम होना है। इसके साथ ही नालों की सफाई के लिए काम शुरू करने के लिए कह दिया गया है। दिल्ली में मानसून के दौरान जलभराव की बात करें तो यह समस्या पिछले कई सालों से लगातार बढ़ती जा रही है। अभी तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सका है। इस दौरान अलग-अलग सरकारें बदलती रहीं और जल भराव रोकने



के दावे भी किए जाते रहे। बहरहाल अब दिल्ली की भाजपा सरकार ने ड्रेनेज मास्टर प्लान लागू किया है। मगर इस पर अमल होने में समय लगने की संभावना है। जिसमें लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली छावनी बोर्ड सहित तमाम एजेंसियों को शामिल किया गया है, जो अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नालों का पुनर्निर्माण करेंगी और उनका बेहतर रखरखाव कर इस समस्या से दिल्ली को निजात दिलाएंगी। इसके लिए 57000 करोड़ खर्च आने का अनुमान है। ड्रेनेज मास्टर प्लान पर पूरी तरह से काम नहीं हो जाता है यह समस्या से कैसे निपटा जाए, इसे लेकर सरकार उधेड़बुन में है। बहरहाल इस साल मानसून में जलभराव की समस्या से राहत के लिए लोक निर्माण विभाग ने अभी से सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है।

### जलभराव से जनता को राहत दिलाए

विभाग की कोशिश है कि जब तक ड्रेनेज मास्टर प्लान पूरी तरह से लागू नहीं होता है अस्थाई रूप से ही सही दिल्ली को अपने अधिकार क्षेत्र में जलभराव से जनता को राहत दिलाए। पीडब्ल्यूडी के पास दिल्ली में 2100 किलोमीटर से अधिक नाले हैं ये नाले मुख्य सड़कों के किनारे स्थित हैं। सड़कों पर बरसात के दौरान भरने वाला पानी इन नालों के माध्यम से बड़े नालों में जाता है। पीडब्ल्यूडी ने इन महिलाओं की सफाई को लेकर अभी से निर्देश दिए हैं। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले साल जिन कंपनियों को टेंडर दिया गया था वह दो साल के लिए है। उन्हीं कंपनियों को अभी से तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, ताकि मानसून से पहले नालों की ठीक से सफाई की जा सके और जिन जिन स्थानों में मरम्मत की जरूरत है वह काम पूरा किया जा सके। उधर नालों की सफाई के लिए एमसीडी ने जनवरी माह में ही 35 करोड़ का आवंटन कर दिया था। करीब 60 प्रतिशत टेंडर हो गए हैं और उनके कार्यादेश जारी किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर सफाई का कार्य शुरू भी होग गया है। शेष के भी टेंडर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। एमसीडी ने इस वर्ष 30 मई तक नालों की सफाई का लक्ष्य रखा है। एमसीडी के पास चार फिट तक के 793 नाले हैं जो कि 545 किलोमीटर क्षेत्र में हैं।

# तरुण हत्याकांड: डॉ. पंकज नारंग की हत्या की दर्दनाक यादें ताजा, दिल्ली में सुरक्षा पर सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तम नगर के तरुण हत्याकांड ने एक दशक पूर्व विकासपुरी में डॉ. पंकज नारंग की हत्या से जुड़ी यादें क्षेत्र के लोगों के मन में ताजा कर दी है। लोगों का कहना है कि दोनों घटनाओं में व्याप्त समानताएं लोगों के मन में कायम जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। वर्ष 2016 में होली के दिन ही पेशे से दंत चिकित्सक डा पंकज नारंग की उनके घर के बाहर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। घटना तब हुई थी, जब डॉ. पंकज नारंग अपने घर के बाहर अपने बेटे के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान दो युवक वहां से गुजरे। यहां किसी बात पर एक सामान्य बहस हुई, जो कुछ ही पलों में खत्म हो गई थी और युवक वहां से चले गए थे। वहीं, विवाद खत्म होने के कुछ ही देर बाद, वे युवक अपने साथ 10-12 अन्य लोगों को लेकर वापस आए। उनके हाथों में डंडे, लोहे की राड और क्रिकेट बैट थे। उन्होंने डा. नारंग को उनके घर से खींच लिया और उनके परिवार (पत्नी और बेटे) के सामने ही उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बताया गया कि डॉ. नारंग को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया,



लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि तरुण और डॉ. पंकज नारंग, दोनों ही मामलों में हमलावरों ने मामूली विवाद या बिना किसी बड़े कारण के जिस तरह से कानून को हाथ में लिया, वह एक जैसे पैटर्न को दर्शाता है। डॉ. नारंग पर उनके घर के सामने हमला हुआ था, और तरुण के मामले में भी हमलावरों ने सरेआम दहशत फैलाई। दोनों ही पीड़ित अपने क्षेत्र में सम्मानित थे और उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी।

आज भी लोगों के लिए एक गहरा घाव

विकासपुरी निवासी अमित त्यागी बताते हैं कि डॉ. पंकज नारंग का मामला आज भी लोगों के लिए एक गहरा घाव है, और तरुण हत्याकांड ने उस घाव को फिर से हरा कर दिया है। प्रशासन को यह समझना होगा कि केवल गिरफ्तारी काफी नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षा का वह माहौल पैदा करना होगा जो इन दोनों ही मामलों में गायब दिखा। अमित कहते हैं कि सबसे बड़ा सवाल है कि क्या एक आम इंसान अपने ही मोहल्ले में सुरक्षित नहीं है। क्या अपराधियों के मन से कानून का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है। विकासपुरी निवासी रवि बताते हैं कि तरुण के साथ जो हुआ, वह महज एक अपराध नहीं है, बल्कि यह एक खास पैटर्न है।

## 300 करोड़ में से सिर्फ... प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवंटित बजट का केवल 43 प्रतिशत ही किया जा सका खर्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए आवंटित बजट के उपयोग को लेकर एक



महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के तहत मिले जवाब से पता चला है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रदूषण नियंत्रण और आपातकालीन उपायों के तहत दिल्ली सरकार द्वारा आवंटित 300 करोड़ रुपये के बजट में से 20 जनवरी, 2026 तक केवल 43 प्रतिशत (लगभग 129.83 करोड़ रुपये) राशि ही खर्च की जा सकी है। आलम यह है कि दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण से जंग के लिए केंद्र सरकार से मिला बजट भी खर्च नहीं कर पाई। इस आरटीआइ के जवाब में दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने बताया है कि खर्च की गई अधिकांश राशि अल्पकालिक उपायों और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को हस्तांतरित किए गए फंड पर खर्च हुई है। पर्यावरण विभाग ने स्पष्ट किया कि वह प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीडीए, एमसीडी और दिल्ली जल बोर्ड जैसी कई एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नियमित रूप से समीक्षा बैठकें भी की जा रही हैं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि बजट का समय पर उपयोग न होना दिल्ली की हवा सुधारने की कोशिशों में बाधा बन सकता है। आंकड़ों के अनुसार, प्रदूषण कम करने के लिए मुख्य रूप से एंटी-स्माग गन और स्प्रे सिस्टम का सहारा लिया गया है- बिजली के खंभों और सड़क के बीच बने डिवाइडर पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाने में खर्च हुए। 58.83 करोड़ रुपये : 200 ट्रक-माउंटेड एंटी-स्माग गन किराए पर लेने के लिए दिए गए। 47.12 करोड़ रुपये : पिछले साल (2024-25) किराए पर ली गई एंटी-स्माग गन के भुगतान में इस्तेमाल हुए। चौंकाने वाली बात यह है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए आवंटित करोड़ों रुपये का उपयोग अब तक शुरू ही नहीं हो पाया है। आरटीआइ के अनुसार 20 जनवरी तक निम्नलिखित मदों में शून्य व्यय दर्ज किया गया।

# दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, सुबह भी तापमान सामान्य से ऊपर; बदला-बदला रहेगा मौसम का मिजाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ रही गर्माहट के बीच राजधानी में दिन ही नहीं, सुबह का तापमान भी सामान्य से ऊपर ही दर्ज हो रहा है। धूप अब बिल्कुल भी नहीं सुहाती तो पंखे के बाद एसी भी चलने शुरू हो गए हैं। आने वाले दिनों में भी बढ़ती गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं दिख रही है। सोमवार को भी दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.9 डिग्री अधिक 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.0 डिग्री अधिक 19.0 डिग्री सेल्सियस रहा। यह इस सीजन का सर्वाधिक है। हवा में नमी का



स्तर 92 से 35 प्रतिशत रिकॉर्ड हुआ। रिज क्षेत्र सोमवार को राजधानी का सबसे गर्म इलाका रहा। यहां का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हालांकि, तेज धूप भी निकलेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दूसरी तरफ हवा की रफ्तार बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। हालांकि अब भी हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है।

## नेपाल में सियासी तस्वीर बदली, आरएसपी को दो-तिहाई बहुमत; अगले हफ्ते बालेंद्र सरकार गठन की प्रक्रिया

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में हाल ही में हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव के नतीजों ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। अब अगले सप्ताह के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। आरएसपी ने काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है, जिससे नेपाल की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्यक्ष चुनाव की 165 में से 164 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर स्पष्ट बढ़त हासिल की है। समानुपातिक प्रणाली के तहत मिलने वाली सीटों के बाद पार्टी की कुल संख्या 183 तक पहुंच जाएगी। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में यह संख्या दो-तिहाई बहुमत के बराबर है। इसके बाद अब संविधान के तहत नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई के अनुसार आरएसपी को मिले वोटों के आधार पर समानुपातिक प्रणाली से 58 सीटें मिलेंगी। इस तरह प्रतिनिधि सभा में उसके सांसदों की कुल संख्या 183 हो जाएगी। 275 सदस्यीय सदन में यह लगभग 66 प्रतिशत बहुमत है। इससे पार्टी को सरकार बनाने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लेने में भी मजबूती मिलेगी। चुनाव में अन्य प्रमुख दलों का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। नेपाली कांग्रेस को प्रत्यक्ष चुनाव से 18 सीटें मिली हैं और समानुपातिक प्रणाली से 19 सीटें मिलने की उम्मीद है। इस तरह उसके कुल सांसद 37 होंगे। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी नेकपा एमाले को प्रत्यक्ष चुनाव से 8 सीटें मिली हैं और समानुपातिक प्रणाली से 16 सीटें मिलने की संभावना है। इससे उसके कुल सांसद 24 हो जाएंगे। वहीं प्रचंड की पार्टी को कुल 17 सीटें मिलने का अनुमान है। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य अगले सप्ताह तक अंतिम चुनावी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सौंपने का है।

## बांग्लादेश में नहीं थम रहे हिंदुओं पर हमले, दो की हत्या

### बेहद चिंताजनक बताते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग जिलों में दो हिंदुओं की हत्या और एक मंदिर पर बम हमला होने से हालात को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। मानवाधिकार संगठनों ने इन घटनाओं को बेहद चिंताजनक बताते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर नए सवाल उठने लगे हैं। हाल के दिनों में हुई घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंदू समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। एक ओर हत्या की घटनाएं सामने आई हैं तो दूसरी ओर मंदिर में बम फेंककर धार्मिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। 6 मार्च की रात बांग्लादेश के बोगुरा जिले में 40 वर्षीय चायोन राजभर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। चायोन राजभर एक कोचिंग सेंटर चलाते थे और स्थानीय स्तर पर शिक्षा से जुड़े कामों के कारण जाने जाते थे। बताया जा रहा है कि अज्ञात हमलावरों ने उन पर अचानक हमला किया और मौके से फरार हो गए। इस घटना ने स्थानीय हिंदू समुदाय में गहरी चिंता पैदा कर दी है। 7 मार्च को कॉक्स बाजार जिले में 29 वर्षीय गणेश पाल की हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक उनसे रंगदारी मांगी जा रही थी और उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें मार डाला। इससे पहले भी चटगांव में रंगदारी का विरोध करने पर आकाश दास की हत्या कर दी गई थी। इसी क्षेत्र के चंदनैश उपजिला के बदुरपारा में 70 वर्षीय चंदन दे को मवेशी चोरी रोकने के कारण मार दिया गया था।



क्या मंदिर में बम हमले से धार्मिक तनाव बढ़ा?

8 मार्च की शाम कुमिला शहर के कालीगाछ ताला काली मंदिर में पूजा के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने देसी बम फेंक दिए। इस हमले में पुजारी केशब चक्रवर्ती समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। कुमिला के पुलिस अधीक्षक एमडी अनीसुज्जमां ने मौके का दौरा कर जांच के आदेश दिए हैं।

## ट्रंप का दावा- ईरान की सैन्य क्षमता खत्म, जल्द होगा युद्ध का अंत, आईआरजीसी ने दिया ये जवाब

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के पहले दो दिनों में ही ईरान की सैन्य क्षमता लगभग पूरी तरह खत्म कर दी गई। फ्लोरिडा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने इस सैन्य अभियान को बड़ी सफलता बताते हुए संकेत दिया कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका आगे भी कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई का समयसीमा तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन ऑपरेशन जल्द खत्म होने की संभावना है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना, वायुसेना और एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। उनके अनुसार रडार, टेलीकम्युनिकेशन और सैन्य नेतृत्व की संरचना भी नष्ट कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पहले दो दिनों में ही ईरान की सैन्य ताकत को खत्म कर दिया गया और यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। ईरान में युद्ध समाप्त करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर तेहरान ने जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई कब समाप्त होगी, इसका निर्णय वही करेगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र की स्थिति और भविष्य का निर्धारण अब तेहरान की सेनाओं के हाथों में है। यह घटनाक्रम ट्रंप के उस बयान के जवाब में सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान में संघर्ष जल्द ही खत्म हो जाएगा। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा, 'युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे।' बयान में आगे कहा गया है, 'क्षेत्र के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सशस्त्र सेनाओं के हाथों में है; अमेरिकी सेनाएं युद्ध समाप्त नहीं करेंगी।' वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनाए जाने पर भी नाराजगी जताई।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की पांच खिलाड़ियों को दिया आश्रय

**कैनबरा , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान की महिला फुटबॉल टीम से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने टीम की पांच खिलाड़ियों को मानवीय आधार पर शरण दे दी है। ये खिलाड़ी एशियाई टूर्नामेंट खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थीं। युद्ध शुरू होने के बाद उनके ईरान लौटने को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया सरकार ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर मानवीय वीजा देने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया के गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क ने बताया कि मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने खिलाड़ियों को गोल्ड कोस्ट स्थित होटल से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहां उनसे मुलाकात की गई और उनके मानवीय वीजा की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। सरकार का कहना है कि यह फैसला मानवीय परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है, क्योंकि ईरान इस समय युद्ध की स्थिति से



गुजर रहा है। ईरान की महिला फुटबॉल टीम पिछले महीने महिला एशियन कप खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद टीम को ईरान लौटना था, लेकिन इसी दौरान अमेरिका और इस्राइल के साथ युद्ध तेज हो गया। लगातार हमलों और असुरक्षा के माहौल के कारण खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मानवीय आधार पर पांच खिलाड़ियों को शरण देने का निर्णय लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस मुद्दे पर बयान दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खिलाड़ियों को वापस ईरान भेजना मानवीय गलती होगी, क्योंकि वहां उनकी जान को खतरा हो सकता है। ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया से खिलाड़ियों को शरण देने की अपील की थी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऑस्ट्रेलिया ऐसा नहीं करता तो अमेरिका उन्हें अपने यहां आश्रय देने को तैयार है। बताया जा रहा है कि टीम की कुछ खिलाड़ी वापस ईरान लौटना चाहती थीं, क्योंकि उन्हें अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता है। ट्रंप ने भी कहा कि कई खिलाड़ियों को डर है कि यदि वे वापस नहीं लौटेंगी तो उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। यही कारण है कि खिलाड़ियों के सामने कठिन स्थिति बनी हुई है। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का रवैया क्यों चर्चा में रहा? टूर्नामेंट के दौरान भी ईरानी खिलाड़ियों की स्थिति चर्चा में रही। दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहले मैच से पहले राष्ट्रीय गान के दौरान टीम ने शुरुआत में चुप्पी साधी थी। कुछ लोगों ने इसे विरोध का संकेत माना, जबकि कुछ ने इसे शोक की अभिव्यक्ति बताया। हालांकि बाद के मैचों में खिलाड़ियों ने राष्ट्रगान गाया और सलामी भी दी। टीम की फॉरवर्ड सारा दीदार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने देश और परिवार को लेकर चिंता जाहिर की थी।

# एसएसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक

## ईद व रामनवमी को लेकर विशेष सतर्कता, भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में मंगलवार को फरवरी माह से संबंधित मासिक अपराध समीक्षा बैठक वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा समेत जिले के सभी डीएसपी, एसडीपीओ, अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान जिले में अपराध की वर्तमान स्थिति, कानून व्यवस्था, दर्ज कांडों के निष्पादन, लंबित मामलों की प्रगति तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा विस्तार से की गई। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि फरवरी माह में जिले भर में कुल 369 कांड दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि में 402 लंबित कांडों का सफल निष्पादन किया गया। इस प्रकार दर्ज मामलों से अधिक कांडों का निष्पादन कर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी से कार्रवाई के परिणामस्वरूप जिले में लंबित मामलों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। पहली बार लंबित कांडों की संख्या घटकर 1999 रह गई है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या करीब 4300 थी। पुलिस अधिकारियों ने इसे अपराध अनुसंधान और निष्पादन की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया।



### फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित, जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर

बैठक में आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि पूर्व से लंबित 85 मामलों का स्पीडी ट्रायल कराया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप फरवरी माह में आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में आरोपियों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है। शेष मामलों की सुनवाई भी तेजी से जारी है।

एसएसपी ने लंबित वारंट के निष्पादन को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को मार्च माह के दौरान कम से कम 50 प्रतिशत लंबित वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

संगठित अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ऐसे अपराधियों की लगातार तलाश कर रही है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी प्रभात कुमार ने अपराध से जुड़े लोगों से समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जो लोग अपराध की काली दुनिया को छोड़कर कानून की शरण में आना चाहते हैं, उनके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और उन्हें कानून के दायरे में उचित सहयोग दिया जाएगा।

बैठक में जमीन दलालों और भू-माफियाओं के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेज करने को कहा गया है।

आगामी ईद और रामनवमी पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रिवेंटिव एक्शन लेने तथा कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और मॉल में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत करने तथा गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। पश्चिम बंगाल वेस्ट जोन के एडीजी के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर दोनों राज्यों के बीच अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान किया गया है। इसके आधार पर संदिग्ध अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और जल्द ही सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चेक पोस्ट भी स्थापित किए जाएंगे।

बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस को फैंसी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही दोपहिया वाहनों पर चालक के साथ पीछे बैठे व्यक्ति के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा।

इसके अलावा जिले में वाहन चोरी की घटनाओं में कमी आने की भी जानकारी दी गई। पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह से जुड़े कुछ लोगों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## डीडीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर निदेशक डीपीएलआर मेनका, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार उपस्थित थे। जनता दरबार में मुख्यतः राशन कार्ड के मामले, जमीन विवाद एवं जमीन का ऑनलाइन रशीद के मामले, तारानारी स्थित तिलैयाबांध की मरम्मती, प्रधानमंत्री आवास के मामले, आरटीई के तहत स्कूल में एडमिशन के मामले, बिजली बिल सुधार से संबंधित मामले, नियोजन से संबंधित मामले, डीसी पुल के तहत आवास मरम्मती से संबंधित मामले प्रकाश में आए जिन्हें उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन भेज कर त्वरित कार्रवाई कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं : एसडीओ




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के तहत जिले में सप्ताहिकी समारोह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज चास प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिला सशक्तिकरण, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा एवं प्रखंड प्रमुख बेला देवी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला प्रशासन बोकारो के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला मुखिया, महिला पंचायत सदस्य, महिला पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों, जल सहिया तथा प्रखंड व अंचल के महिला कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने महिलाओं की समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही कई सफल महिलाओं को मंच पर सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महिला दिवस सप्ताह के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, महिला अधिकारों पर कार्यशाला तथा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने समाज में समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

एसडीओ चास प्रांजल ढांडा ने महिलाओं से अपील की कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भर बनें और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज और देश मजबूत बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

बीडीओ चास प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं तथा समाज के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि चास प्रखंड प्रशासन महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेगा। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी चास जया कुमारी, प्रखंड प्रमुख बेला देवी, बीपीआरओ संतोष नायक, प्रखंड समन्वयक अनुज कुमार पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## मंडल कारा में चली छापेमारी

**बोकारो।** मंगलवार को मंडल कारा चास में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह की देखरेख में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान घंटे भर तक चला, जिसमें दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की छह अलग-अलग टीमों ने जेल परिसर के विभिन्न वार्डों में सघन जांच की।

छापेमारी के दौरान कैदियों के वार्ड, बैरक एवं अन्य स्थानों की बारीकी से तलाशी ली गई। हालांकि, जांच के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। प्रशासन ने इस तरह की कार्रवाई को जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा किसी भी अवांछित गतिविधि पर रोक लगाने के उद्देश्य से नियमित रूप से किए जाने की बात कही।छापेमारी अभियान में अपर समाहर्ता (एसी) मुमताज अंसारी - डीएसपी सिटी आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा - डीएसपी मुख्यालय अनिमेष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम - डीएसपी ट्रैफिक विद्या शंकर, डीएमओ शालिनी खालखो - पुलिस निरीक्षक संगीता, अंचलाधिकारी चास राम सेवा राम - डीएसपी राणा, कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी - डीएसपी मुकेश सहित अन्य जवान शामिल रहे।डीसी - एसपी ने बताया कि जेल परिसर में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी। मौके पर जेल अधीक्षक सह डीएलओ द्वारिक बैठा, जेलर रामाकांत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय शीतला माता पूजन समारोह

**धनबाद।** वीरसिंहपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित पांच दिवसीय शीतला माता पूजन समारोह एवं मेला में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया तथा माता शीतला से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर एम.पी.एल. के जीएम/महाप्रबंधक राजकिशोर सिंह , सदानंद शर्मा, मुन्ना सिंह , असीम भट्टाचार्य , बंदना बाउरी , तारापद बाउरी , रिंकू भट्टाचार्य , मेला समिति के अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कृतज्ञता पार्क के लिए चिह्नित भूमि का डीसी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल प्रबंधन द्वारा कृतज्ञता पार्क के लिए चिन्हित भूमि का मंगलवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया। यह पार्क बी.एस.सिटी के सेक्टर-11 में विकसित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण में योगदान देने वाले विस्थापितों के इतिहास और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक प्रदर्शित करना है।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया कि पार्क का विकास इस प्रकार किया जाए कि देश-विदेश तथा राज्य के अन्य हिस्सों से आने वाले लोग यहां आकर विस्थापितों के इतिहास और बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित हो सकें। उन्होंने चिन्हित भूमि में मिट्टी की भड़ाई कर सड़क तक लेवलिंग करने का निर्देश दिया।



उधर, बीएसएल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि कृतज्ञता पार्क का उद्देश्य विस्थापित परिवारों के योगदान को स्मरणीय बनाना है। पार्क में उनके इतिहास और योगदान को दशार्ने वाली संरचनाएं एवं जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, डीपीआरओ रवि कुमार, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, बीएसएल नगर सेवाएं सीजीएम कुंदन कुमार, सीजीएम (एच.आर.) अंजनी कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में बीएसएल की नई पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग ने महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समर्पण वेलफेयर एसोसिएशन सोशल डेवलपमेंट (समर्पण-एसडब्ल्यूएएसडी) तथा तकनीकी साझेदार ह्यऊषा इंटरनेशनल लिमिटेडह्न के सहयोग से महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका विकास पहल का शुभारंभ किया है. इस परियोजना के लिए बीएसएल और समर्पण-एसडब्ल्यूएएसडी के बीच आज 10 मार्च को सेक्टर-2 स्थित हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र में एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी (बीएसएल) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस. के. भारद्वाज, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) धनंजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) श्रीमती अनिमा कुशवाहा, महाप्रबंधक (सीएसआर) पी. पी. चक्रवर्ती, ऊषा इंटरनेशनल लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक सैकत कुमार, समर्पण के सचिव राजेश कुमार सहित सीएसआर टीम एवं संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बोकारो इस्पात संयंत्र के परिधीय गांवों की वंचित महिलाओं को सिलाई एवं कढ़ाई में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है. यह परियोजना एक वर्ष की अवधि के लिए संचालित की जाएगी। कार्यक्रम के तहत परिधीय गांवों की 50 महिलाओं की पहचान की जाएगी, जिनमें से 25 महिलाओं को ऊषा इंटरनेशनल के विशेषज्ञों द्वारा 25 दिवसीय गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस परियोजना के अंतर्गत एक प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र (टीसीपीसी) भी स्थापित किया जाएगा, जहाँ प्रशिक्षित महिलाएं अपनी उत्पादन गतिविधियों को जारी रख सकेंगी। पहल में सिलाई मशीनें, प्रशिक्षण सामग्री और तकनीकी सहायता का प्रावधान शामिल है. प्रशिक्षण के उपरान्त लाभार्थियों की निरंतर आय सुनिश्चित करने के लिए जॉब ऑर्डर और बाजार से जुड़ाव (मार्केट लिंकेज) के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना से प्रत्येक प्रशिक्षित महिला की न्यूनतम मासिक आय 5,000 रुपये होने की संभावना है, जो भविष्य में बाजार विस्तार के साथ बढ़ेगी।

साझेदारी के ढांचे के तहत, बीएसएल वित्तीय सहायता और बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा, जबकि समर्पण संस्था कार्यक्रम के कार्यान्वयन और केंद्र के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगी. ऊषा इंटरनेशनल तकनीकी ज्ञान और प्रमाणन प्रदान करेगी।

## स्कूलों के विकास के लिए हर्ल व शिक्षा विभाग के बीच हुआ एमओयू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी इलाके में मौजूद 10 सरकारी स्कूलों में शिक्षा और उससे जुड़ी संरचनाओं में सुधार व बढ़ोतरी करने तथा स्कूलों के विकास के लिए आज हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) तथा जिला शिक्षा विभाग के बीच एमओयू साइन हुआ। एमओयू पर हर्ल सिंदरी के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी और जिला प्रशासन की ओर से जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने हस्ताक्षर किए।इसकी जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि इस एमओयू से सिंदरी इलाके में मौजूद 10 सरकारी स्कूलों में₹शिक्षा और उससे जुड़ी संरचनाओं में सुधार और बढ़ोतरी पर फोकस किया जाएगा।

यह पहल हर्ल के कॉर्पोरेट एनवायरनमेंट रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम के तहत की जा रही है। जो कंपनी के सस्टेनेबल सोशल अपलिफ्टमेंट के कमिटमेंट पर जोर देता है। इसमें हर्ल से राशि मिलेगी और इस प्रोजेक्ट को जमीन पर जिला प्रशासन द्वारा पूरा किया जाएगा।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में आज दिनांक 10 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी (बोकारो इस्पात संयंत्र) प्रिय रंजन ने विशिष्ट अतिथियों के साथ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया, जो ज्ञान, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है. इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की अध्यक्षा शुभम रंजन, पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल (प्रसिद्ध पर्वतारोही) तथा पद्मश्री चामी मुर्मू (पर्यावरण कार्यकर्ता) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

समारोह में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) बनर्जी राजश्री, अधिशासी निदेशक (खान) विकास मनवती, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एसके भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. आनंद कुमार, कार्यकारी अधिशासी निदेशक




(संकार्य) धनंजय कुमार, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा तथा महाप्रबंधक (बीई) अनुपमा तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) अनिमा कुशवाहा ने स्वागत भाषण देते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बीएसएल की महिला कर्मियों को ₹इंक्रेडिबल आयरन लेडीज₹ की संज्ञा देते हुए उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना की। इस वर्ष के विषय ₹गिव टू गेन₹ पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज और संगठन की संपूर्ण क्षमता को उजागर करने का माध्यम है। उन्होंने कविता के माध्यम से नारी शक्ति को दुर्गा का रूप बताते हुए उनकी वंदना की।




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कला अकादमी के छात्रों द्वारा भक्ति नृत्य, महिला अधिकारियों द्वारा प्रेरणादायक गीत तथा संकार्य विभाग की गैर-कार्यपालक महिला कर्मियों द्वारा क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल और पद्मश्री चामी मुर्मू ने अपने प्रेरक अनुभवों को साझा किया, जिसके पश्चात उन्हें सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल की 20 महिला कार्मिकों को उत्कृष्टता अवार्ड तथा प्रोजेक्ट्स डिवीजन में कार्यरत सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली महिला कर्मचारी जानकी देवी को दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रिय रंजन ने संयंत्र की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका की सराहना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

विशेष आकर्षण के रूप में बोकारो जनरल अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा ₹जीते हैं चल₹ संवाद नृत्य, ₹स्टील गर्ल्स 2.0₹ नृत्य नाटिका, 'किलकारी' क्रेच के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस तथा वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई. साथ ही बीजीएच के नर्सिंग स्टाफ द्वारा ₹नथिंग इज इम्पॉसिबल₹ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का समापन महाप्रबंधक (बीई) श्रीमती अनुपमा तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र में समावेशी कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उनकी उपलब्धियों का सम्मान न केवल कार्यस्थल पर सकारात्मकता और मनोबल बढ़ाता है, बल्कि यह संयंत्र की समग्र उत्पादकता, कार्य-कुशलता और संगठनात्मक उत्कृष्टता के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com